हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 61, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 29 अगस्त, 2023 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ, फसलों के नुकसान का दिया जाएगा मुआवजा : योगी

सीएम ने हेलीकॉप्टर से बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वेक्षण

कासगंज। कासगंज में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाढ़ आपदा में सरकार उनके साथ है। हर पीड़ित को सहायता दी जा रही है। फसलों के नुकसान आंकलन कराकर शीघ्र ही मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन को फसलों की क्षति होने की रिपोर्ट शीघ्र तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिले में हेलीकॉप्टर से बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने बरौना गांव में भी पहले हेलीकॉप्टर से ही गंगा की धारा और कटान की स्थिति का जायजा लिया। दोपहर 12:25 बजे सीएम का हेलीकॉप्टर बरौना के ऊपर मंडराने लगा। हवाई सर्वेक्षण के बाद उनका हेलीकॉप्टर हैलीपैड पर उतरा। जहां डीएम हर्षिता माथुर, एसपी सौरभ दीक्षित ने उनकी अगुवानी की। इसके पश्चात वे कार से बरौना गांव में पहुंचे। गांव के पश्चिमी किनारे पर बने तटबंध का उन्होंने पांच मिनट तक निरीक्षण किया। इसके बाद वह बांध के नजदीक बनाए गए पंडाल में पहुंचे। यहां उन्होंने बरौना के

कटान पीड़ितों को खाद्य राहत सामग्री की किट प्रदान कीं। सीएम योगी ने डीएम से जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के बारे में पूछा। उन्होंने मौके पर पहुंचे सांसद और विधायकों से भी कुछ देर बातचीत की। इसके बाद वे सीधे मंच पर आए। सीएम ने कहा कि पहले चक्र में यमुना नदी के जलस्तर में वृद्धि के बाद प्रदेश के कई इलाकों में बाढ़ आई। अब दूसरे दौर में उत्तराखंड में अधिक बारिश होने के कारण गंगा नदी में जलस्तर बढ़ जाने के कारण कासगंज, फरुर्खाबाद, शाहजहांपुर, कन्नौज आदि जिलों में बाढ़ आपदा आई है। सीएम योगी ने बरौना की कटान संबंधी समस्या के निदान के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि गंगा की धारा को परिवर्तित किया जाए। मानव बस्ती की ओर गंगा की धारा न जा सके। उन्होंने कहा कि कटान रोकने के लिए स्थाई समाधान का प्रस्ताव तैयार हो और नवंबर, दिसंबर माह से इस कार्य को किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बाढ़ पीड़ितों को खाद्यान्न की किटें बांटी जा रही हैं। 45900 किटें ड्राई राशन की प्रदेश में बांटी जा चुकी हैं। इसके अलावा फसलों को चारा भी उपलब्ध कराया गया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात हैं। इसके अलावा पीएसी की फ्लड यूनिट भी अलग अलग इलाकों में तैनात की गई हैं।

सीएम के कार्यक्रम में सांसद राजवीर सिंह, प्रभारी मंत्री संदीप सिंह, विधान परिषद सदस्य रजनीकांत माहेश्वरी, सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष रतनेश कश्यप, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील वार्ष्णेय, बौबी कश्यप, नवल कुल्श्रेष्ठ, गौरीशंकर शर्मा कौशल साहू मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा काफी सख्त थी। गिने चुने भाजपा नेता ही कार्यक्रम में मौजूद थे। जिस गांव में मुख्यमंत्री दौरा करने आए उस गांव के ग्रामीण भी मुख्यमंत्री को नहीं देख पाए। इस बात को लेकर ग्रामीणों के मन में आक्रोश रहा और वह अपना आक्रोश भी व्यक्त नहीं कर पाए। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर ग्रामीण काफी उत्साहित थे, लेकिन कड़े सुरक्षा प्रबंधों के कारण उन्हें मायूसी हाथ लगी।

कोच्चि से बंगलूरु जा रही फ्लाइट में बम की अफवाह, जांच के बाद किया गया रवाना

कोच्चि। कोच्चि से बंगलूरू जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट में बम रखे होने की सूचना मिली है। जानकारी होते ही, विमान को आनन-फानन में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। इसके बाद, अधिकारियों ने सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारा और जांच के लिए अन्य जगह पर विमान को ले गए। कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) ने कहा कि फ्लाइट में कुल 139 यात्री सवार थे। बता दें, फ्लाइट-6ई6482 सुबह साढ़े दस बजे बंगलूरू के लिए रवाना होने वाली थी। सीआईएएल के अनुसार, जब विमान रवाना होने वाला था, तभी हवाई अड्डे के कंट्रोल रूम में एक फोन आया, जिसमें बंगलूरू जाने वाली फ्लाइट में बम होने की धमकी दी। इसके बाद विमान को एकांत जगह पर ले जाया गया और सभी यात्रियों को उतार दिया गया। बाद में, विमान को सुरक्षा होल्ड एरिया में भेज दिया गया। आनन-फानन में, हवाई अड्डे के निदेशक की अध्यक्षता में बम की जांच के लिए एक टीम बुलाई गई। बाद में अधिकारियों ने बताया कि विमान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जांच के बाद, फ्लाइट दोपहर 2.24 बजे बंगलूरू के लिए रवाना हुई। इस बीच, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

दिसंबर 2023 तक पूरे भारत में पहुंचेगी 5जी सेवा: मुकेश अंबानी

रिलायंस इंडस्ट्रीज की 46वें एजीएम में बड़े एलान, अंबानी बोले- भारत को रोका नहीं जा सकता

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 46वीं एजीएम शुरू हो गई है। एजीएम के दौरान बोलते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया ने कहा कि नया भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है। इसे रोका नहीं जा सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने सोमवार को शेयरधारकों की 46वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कहा कि रिलायंस के मीडिया और मनोरंजन कारोबार ने पिछले साल बढ़िया प्रगति की, इसमें जियो सिनेमा का सबसे ज्यादा योगदान रहा। उन्होंने कहा कि पहली बार, आईपीएल को जियो सिनेमा पर मुफ्त स्ट्रीम किया गया और इसे 45 करोड़ दर्शकों के साथ एक विश्व रिकॉर्ड बनाया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने मुंबई में 46वीं वार्षिक आम बैठक 2023 को संबोधित करते हुए कहा, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएफएस) बीमा उद्योग में प्रवेश करने के लिए तैयार है।

कैम्पा कोला को वैश्विक ब्रांड बनाने का काम शुरू: ईशा अंबानी- ईशा अंबानी ने मुंबई में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 46वीं वार्षिक आम बैठक 2023 में कहा, "हमने पिछले साल की

एजीएम में अपने एफएमसीजी कारोबार को शुरू करने की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य भारतीय उपभोक्ताओं को किफायती कीमतों पर विश्वस्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराना था। इस व्यवसाय ने कई ब्रांडों और रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से कई श्रेणियों में प्रवेश करके एक मजबूत शुरूआत की। हमारे एफएमसीजी कारोबार का एक प्रमुख स्तंभ भारतीय ब्रांडों को आज के भारतीय उपभोक्ताओं के लिए समकालीन बनाना है, जो सदियों पुराने ब्रांड के वादे को बरकरार रखता है। हमने कैंपा कोला और लोटस जैसे कई ब्रांडों का अधिग्रहण और साझेदारी की है। हमने शानदार भारतीय स्वाद के वादे के साथ कैंपा कोला लॉन्च किया है और उपभोक्ताओं ने इसे तहे दिल से अपनाया है। हम भारत में इसे और आगे बढ़ा रहे हैं और एशिया और फिर अफ्रीका से शुरू करके इसे वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए काम भी शुरू कर दिया है।"

जियो के कुल ग्राहकों की संख्या 45 करोड़ के पार है। भारत में सबसे तेज 5जी रोलआउट हुआ है। औसत यूजर हर महीने 25 जीबी डेटा का इस्तेमाल करते हैं। मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो का रेवेन्यू ऑल टाइम हाई पर है। जियो का प्रतिमाह डेटा ट्रैफिक 1100 करोड़ जीबी है। मुकेश अंबानी ने 46वें एजीएम में कहा कि सिर्फ नौ महीनों में देश के 96% शहरों में जियो 5जी का फैलाव हो गया है। दिसंबर तक पूरे भारत में 5जी सेवा पहुंच जाएगी। देश की कुल 5जी सेवा में करीब 85% नेटवर्क हिस्सेदारी जियो की है। हर 10 सेकेंड में एक 5जी उपभोक्ता जुड़ रहा है।

ममता का दावा : दिसंबर 2023 में ही लोकसभा चुनाव करा सकती है भाजपा, पहले ही बुक कर लिए हैं सभी हेलीकॉप्टर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि भाजपा दिसंबर में ही लोकसभा चुनाव करा सकती है। उन्होंने दावा किया कि भगवा पार्टी ने प्रचार के लिए सभी हेलीकॉप्टर बुक कर लिए हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की युवा शाखा की रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आगाह किया कि भाजपा के तीसरे कार्यकाल से यह सुनिश्चित होगा कि देश 'निरंकुश शासन' का सामना करे। मुख्यमंत्री बनर्जी ने राज्य में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोटों के लिए 'गैरकानूनी गतिविधियों' में लगे कुछ लोगों को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह 'कुछ पुलिसकर्मियों के समर्थन से' किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में आती है, तो देश को निरंकुश शासन का सामना करना पड़ेगा। आशंका है कि वे (भाजपा) दिसंबर 2023 में ही लोकसभा

चुनाव करा सकते हैं। टीएमसी प्रमुख ने कहा कि भगवा पार्टी ने पहले ही हमारे देश को समुदायों के बीच दुश्मनी के दलदल में बदल दिया है। अगर वे सत्ता में लौटते हैं, तो यह हमारे देश को नफरत का देश बना देंगे। बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए पहले ही सभी हेलीकॉप्टर बुक कर लिए हैं ताकि कोई अन्य राजनीतिक दल प्रचार के लिए उनका इस्तेमाल न कर सके। बनर्जी ने कहा कि उन्होंने बंगाल में तीन दशक लंबे माकपा शासन को हराया था और अब वह लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराएंगी। जादवपुर विश्वविद्यालय में 'गोली मारो' के नारे लगाने वाले एबीवीपी और भाजपा कार्यकताओं पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस को विश्वविद्यालय में नफरत भरे नारे लगाने वालों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे नारे लगाने वालों को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह बंगाल है। उन्होंने कहा कि यह उत्तर प्रदेश नहीं है।

स्वामी प्रसाद का एक और विवादास्पद बयान, बोले- हिंदू धर्म केवल धोखा, ये दलितों-पिछड़ों को फंसाने का जाल है

लखनऊ। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। अब उनका एक और बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि हिंदू धर्म नाम का कोई धर्म ही नहीं है। हिंदू धर्म केवल धोखा है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणवाद की जड़ें काफी गहरी हैं और ब्राह्मण धर्म को ही हिंदू धर्म कहा जा रहा है। हिंदू धर्म दरअसल, पिछड़ों, आदिवासियों और दलितों को मकड़जाल में फंसाने की एक साजिश है। हिंदू अगर एक धर्म होता तो वहां दलितों और पिछड़ों का भी सम्मान होता। उन्होंने कहा कि हमारे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया है। इस दौरान सपा नेता ने राष्ट्रपति पर भी विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि हम लोग भले ही पागल होकर के हिंदू धर्म के लिए मरें पर ब्राह्मणवादी व्यवस्था के चालाक लोग हमें आदिवासी मानते हैं। ऐसा ही व्यवहार भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ हुआ। दलित होने के कारण उन्हें मंदिर में जाने से रोका गया। इसी तरह अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री पद से हटने पर मुख्यमंत्री आवास और कालिदास मार्ग को गौमूत्र से पवित्र

किया गया था क्योंकि वो पिछड़े समाज से आते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा आंबेडकर और ज्योतिबा फुले जैसे हमारे महापुरूषों ने एक लंबा संघर्ष किया जिसका नतीजा है कि आज हजारों साल की गुलामी से निजात पाकर हम सम्मान और स्वाभिमान के रास्ते पर चल पड़े है।

चुनाव प्रचार में सपा-भाजपा ने झोंकी ताकत, कल अखिलेश तो दो सितंबर को सीएम योगी भरेंगे हुंकार

मऊ। यूपी के मऊ जिले की घोसी विधानसभा उपचुनाव में जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, चुनावी सरगर्मियां बढ़ रहीं हैं। सपा और भाजपा ने चुनाव प्रचार में ताकत झोंक दी है। समाजवादी पार्टी के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मंगलवार को घोसी में जनसभा करेंगे। सपा मुखिया के आगमन को देखते हुए पार्टी के नेता तैयारी में लगे हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो सितंबर को घोसी चीनी मिल के पास स्थित मैदान में जनसभा करेंगे। इसकी तैयारियों में भाजपा नेता जुटे हैं। घोसी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जीत के लिए भाजपा ने जोर लगाया है। रविवार को ही डिप्टी समेत केशव प्रसाद मौर्य समेत की मंत्रियों ने जनसभा की थी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी सोमवार और मंगलवार को मऊ में डेरा डालेंगे। वह घोसी क्षेत्र के प्रबुद्धजनों से संवाद करेंगे। अलग-

अलग कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। अखिलेश यादव मंगलवार को घोसी में जनसभा करेंगे। सपा लगातार कह रही है कि उनके समर्थक मतदाताओं को पुलिस-प्रशासन की मदद से बूथ तक आने से रोका जाता है। इसलिए अखिलेश घोसी की धरती से आह्वान करेंगे कि बिना डरे मतदान करें। अगर कहीं कोई रोके तो तत्काल सूचना दें, ताकि इंडिया के नेता हर फोरम पर इस मुद्दे को तत्काल उठा सकें। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कार्यकताओं में भी जोश भरेंगे कि यह सिर्फ एक सीट का उप चुनाव नहीं है, बल्कि इसका संदेश लोकसभा चुनाव के लिहाज से भी दूर तक जाएगा सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 29 अगस्त को चुनाव प्रचार के लिए घोसी आएंगे। यह चुनाव सपा के साथ-साथ विपक्षी समावेशी गठबंधन इंडिया के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन चुका है। यही वजह है कि पिछले कई दिनों से सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल और महासचिव शिवपाल सिंह यादव समेत सभी प्रमुख दिग्गज नेता वहां डेरा जमाए हुए हैं।

पुलिस की मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश घायल; जानलेवा हमला, चोरी समेत नौ मुकदमें हैं दर्ज

सीतापुर। पुलिस की मुठभेड़ में सोमवार सुबह 25 हजार का इनामी बदमाश घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। बदमाश को गिरफ्तार करके पुलिस इलाज करा रही है। एसओजी और थाना कमलापुर की संयुक्त टीम सोमवार सुबह सात बजे जलालपुर-मछरेहटा मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति गुजरा। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया। इस दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी। घायल बदमाश को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमंडा भेजा गया। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर कामरान ने प्राथमिक उपचार किया। बदमाश की पहचान लखनऊ के थाना बक्शी का तालाब के कठवारा गांव के लालता प्रसाद के रूप में हुई। लालता प्रसाद पर विभिन्न थानों में जानलेवा हमला, चोरी, नकबजनी आदि के नौ मुकदमें लिखे हैं। पुलिस लालता की तलाश कर रही थी। उसके पास से अवैध असलहा, दो कारतूस और चोरी का मोबाइल बरामद किया गया पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने मौका मुआयना किया। पुलिस टीम में स्वाट सर्विलांस टीम प्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह, कमलापुर थानाध्यक्ष सतीश चंद्र, वरिष्ठ उप निरीक्षक शिव प्रसाद पांडे, उप निरीक्षक मोहम्मद खालिद आदि थे।

जी20 में 'नूंह' को नहीं बनने देंगे 'दिल्ली' एक्शन में है गृह मंत्रालय और खुफिया एजेंसी

नई दिल्ली। अगले माह नौ और 10 तारीख को दिल्ली में होने जा रही 'जी20' देशों के राष्ट्राध्यक्षों/सरकार के प्रमुखों की बैठक को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय और खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि 2020 के दौरान जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत आए थे तो दिल्ली में दंगों की साजिश रची गई थी। इस बार कुछ वैसी ही साजिश हरियाणा के 'नूंह' में रची जा रही है। इसका मकसद, विदेशी मेहमानों के सामने देश की छवि खराब करना है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और इंटेलिजेंस एजेंसियां, इस बाबत लगातार अपने कंट्रोल सेंटर से अपडेट ले रही हैं। हरियाणा सरकार में खुफिया महकमे के प्रमुख आलोक मित्तल 'नूंह' की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संपर्क में हैं। केंद्रीय एजेंसियां अपने इनपुट के आधार पर 'नूंह' को देख रही हैं। प्रदेश के नवनियुक्त डीजीपी शत्रुजीत कपूर की पसंद के आईपीएस अफसर नूंह में तैनात किए गए हैं। बता दें कि पिछले दिनों नूंह में जलाभिषेक यात्रा के दौरान दंगा हो गया था। दोनों समुदायों ने इसके लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया था। कई दिन बाद जब नूंह में हालात सामान्य हुए तो भाजपा से जुड़े संगठनों ने दोबारा से यात्रा निकालने की बात कही। इस मामले में हरियाणा सरकार को विपक्षी दलों की आलोचना का सामना करना पड़ा। सरकार पर यह दबाव भी रहा है कि मौजूदा परिस्थितियों में वहां पर यात्रा निकालने

की इजाजत न दी जाए। इस मामले में खुफिया एजेंसियों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के समक्ष एक रिपोर्ट पेश की थी। इसमें भी यात्रा को लेकर प्रदेश सरकार और प्रशासन को सचेत किया गया था। जी20 सम्मेलन के दौरान अगर नूंह में दोबारा से कानून व्यवस्था बिगड़ती है तो उसका देश की छवि पर पड़ेगा। इस बाबत सीएम मनोहर लाल खट्टर को भी अवगत करा दिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएम खट्टर और डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने लोगों से कहा कि किसी भी संगठन को 28 अगस्त को नूंह में ब्रजमंडल यात्रा निकालने की इजाजत नहीं दी गई है। हालांकि, मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सकते हैं। नूंह की तरफ यात्रा आदि निकालने से गुरेज करें। वहीं, जिला प्रशासन ने यात्रा से एक दिन पहले ही पूरे इलाके में धारा 144 लगा दी थी। शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए। इतना ही नहीं, नूंह में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस मामले में हरियाणा सरकार को दो टूक शब्दों में कह दिया था कि नूंह में किसी भी तरह की हिंसा बर्दास्त नहीं होगी। केंद्रीय एजेंसी और प्रदेश का सीआईडी महकमा नूंह के हर क्षेत्र में सक्रिय हो गया। मुख्यमंत्री और डीजीपी की अपील के बावजूद जब विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि नूंह में 28 अगस्त को यात्रा की शुरूआत होगी। इसमें यात्रा की इजाजत लेने जैसा कुछ नहीं है।

चारा घोटाले में कोर्ट का आया बड़ा फैसला, 35 आरोपित हुए बरी, 53 को सुनाई गई 3 साल की सजा

रांची। डोरंडा कोषागार से जुड़े चारा घोटाला मामले में रांची में सीबीआई की विशेष अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने इस मामले में साक्ष्य के अभाव में 35 लोगों को बरी कर दिया है। 53 को 3 साल की सजा सुनाई है। अन्य आरोपियों पर सुनवाई जारी है। 36 आरोपितों को 1 सितंबर को सजा सुनाई जाएगी। मामले में कुल 124 आरोपित ट्रायल फेस कर रहे हैं। आज सुनाई गए फैसले में पूर्व विधायक गुलशन अजवानी को 3 साल की सजा मिली है। गौरतलब है कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से संबंधित चारा घोटाले के पांच मामले सहित कुल 53 मामलों की सुनवाई सीबीआई कोर्ट में पूरी की गई है। 52 मामलों में कोर्ट पूर्व में अपना फैसला दे चुकी है। डोरंडा कोषागार मामले में 27 सालों से सुनवाई चल रही है। इस मामले में 616 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। सीबीआई ने इस मामले में कुल 192 आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया था और अभी ट्रायल फेस करने वाले आरोपितों की संख्या 124 है। इस दरमियान 62 आरोपितों का निधन भी हो चुका है।

संपादकीय

गवर्नर से तकरार में मान सरकार

अब पंजाब में भी लगभग वही स्थिति है, जो कुछ वर्षों से दिल्ली में बनी हुई है। पंजाब में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच अक्सर तकरार होती रहती है। मगर अब स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को चेतावनी दे दी कि वे राज्य में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश कर सकते हैं। कोई भी राज्यपाल ऐसा कदम तब उठाता है, जब राज्य में संवैधानिक तंत्र विफल नजर आने लगता है, वहां की सरकार कानून-व्यवस्था संभालने में लाचार हो जाती है। दरअसल, राज्यपाल मुख्यमंत्री से इसलिए खफा हैं कि वे उनके सवालों का जवाब नहीं देते। इस साल फरवरी में जब पंजाब सरकार ने स्कूलों के छत्तीस प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर भेजा था, तब भी राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से कड़ा सवाल पूछा था कि किस अधिकार से उन्होंने प्रधानाचार्यों को सिंगापुर भेजा। इसके जवाब में मुख्यमंत्री मान ने उनके राज्यपाल पद पर नियुक्ति को ही प्रश्नांकित कर दिया था। ऐसे ही तल्खी भरे बयान दोनों तरफ से जब-तब आते रहते हैं। अभी जब राज्यपाल ने राष्ट्रपति शासन की चेतावनी दी, तो मान ने प्रेस वार्ता करके कहा कि इन्हें कानून-व्यवस्था की समस्या सिर्फ पंजाब में दिखाई देती है। पड़ोसी राज्य हरियाणा के नूंह में किस तरह हिंसा हुई, किस तरह मणिपुर महीनों से जल रहा है, वह दिखाई नहीं देता। पंजाब के राज्यपाल की इस चेतावनी के बाद स्वाभाविक रूप से फिर एक बार राज्यपालों की नियुक्ति, उनके अधिकार क्षेत्र और कामकाज के तरीके पर सवाल उठने लगे हैं। विपक्षी दलों को एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधने का मौका मिल गया है। इस बहाने दूसरे राज्यों के राज्यपालों के मुख्यमंत्रियों से टकराव की सूची भी पेश की जाने लगी है। दरअसल, जबसे सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी केंद्र सरकार ने दिल्ली में चुनी हुई सरकार की शक्तियों को उपराज्यपाल के हाथों में केंद्रित करने का कानून बनाया है, तबसे न केवल आम आदमी पार्टी, बल्कि तमाम विपक्षी दल हमलावर हैं। अब पंजाब के राज्यपाल ने एक तरह से चुनी हुई सरकार को अपदस्थ करने की खुली धमकी दे दी है। यह अलग बात है कि राज्यपाल को यह फैसला लेते वक्त ठोस व्यावहारिक कारण बताने पड़ेंगे, मगर इससे यह ध्वनि गई है कि वे केंद्र सरकार के इशारे पर और पार्टी प्रवक्ता की तरह काम करते हैं। राज्यपाल जब सक्रिय राजनेता की तरह काम करने लगते हैं, तो ऐसे सवाल उठते ही हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि पंजाब में मादक पदार्थों की तस्करी और कानून-व्यवस्था से जुड़े जवालों के जवाब लोग चाहते हैं। ये दोनों मुद्दे आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनाव में प्रमुखता से उठाए थे। यह भी छिपी बात नहीं है कि भगवंत सिंह मान के सूबे की कमान संभालने के बाद वहां आपराधिक गतिविधियां बढ़ी हैं। वर्षों से दबी खालिस्तान की मांग एक बार फिर सिर उठाती देखी गई है। मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक नहीं लग पाई है, जिसके चलते वहां के युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालना अब भी चुनौती है। अगर इन मुद्दों पर राज्यपाल सरकार के कदमों के बारे में जानना चाहते हैं, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। मगर राज्य की कानून-व्यवस्था के बारे में राज्यपाल को जानने का एक तरीका होता है, उसे छोड़ कर उनसे धमकी भरे अंदाज की अपेक्षा नहीं की जा सकती।

दे रहे संदेश!

नित नई ऊंचाईयां ।
छू रहा है देश ।।
युवा और खिलाड़ी ।
दे रहे संदेश ।।
गढ़ते कीर्तिमान अब ।
मान है बढ़ाया ।।
जो ये दुनिया वाले ।
उनको नया बताया ।।
है परचम लहराया ।
रच रहे इतिहास ।।
यह सदी हमारी ।
हो रही भी खास ।।
है अभी शुरूआत ये ।
आगे और जाना ।।
पल पल उंगली दांत तले ।
दबाएगा जमाना ।।

–कृष्णेन्द्र राय

आइए जानते है उन्हें, जिन्होंने चांद पर अपने पैरों के निशान छोड़े!

डॉ. श्रीगोपाल नारसन

नील आर्मस्ट्रांग पहले व्यक्ति थे जिन्होंने चांद पर कदम रखा था। लेकिन उनके बाद कई अंतरिक्ष यात्री चांद पर गए और चांद की जमीन पर अपने पैरों के निशां छोड़े, लेकिन दुनिया उन्हें याद नहीं करती। 20 जुलाई सन 1969 को चांद पर अपोलो 11 मिशन से गए नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन ने इतिहास रचा था। एक अंतरिक्ष यात्री और वैमानिक इंजिनियर नील आर्मस्ट्रांग सन 1971 में नासा यानि द नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन से ही रिटायर्ड हुए। 5 अगस्त सन 1930 में जन्मे आर्मस्ट्रांग का साल 2012 में 82 साल की उम्र में निधन हो गया था। एल्ड्रिन भी अपोलो 11 मिशन पर उनके साथ गए थे। 86 साल की उम्र में एल्ड्रिन ने साउथ पोल (दक्षिण ध्रुव) तक पहुंच कर एक रिकॉर्ड कायम किया। वह वहां पहुंचने वाले सबसे बुजुर्ग व्यक्ति थे। सन 2016 में इस सफलता को हासिल करने के बाद उन्होंने कहा था, मैने मौत को बेहद करीब देखा। 90 वर्षीय एल्ड्रिन फिलहाल फ्लोरिडा में रहते हैं।पेटे कॉनराड चांद पर कदम रखने वाले दुनिया के तीसरे व्यक्ति थे। वह नंवबर सन 1969 में हुए अपोलो 12 मिशन का हिस्सा बने थे। सन 1999 में कैलिफोर्निया में उनकी मोटरसाइकिल का एक्सिडेंट हो गया था, जिसमें उनकी जान चली गई। उस समय वह 69 साल के थे।कॉनरड के साथ अपोलो 12 के चालक दल में एलन बीन नामक व्यक्ति भी शामिल थे। वह चंद्रमा पर कदम रखने वाले चौथे इंसान थे। नासा से सन 1981 में रिटायर्ड होने के बाद वह एक पेंटर बन गए और उन्होंने पेंटिंग्स में अपने स्पेससूट के टुकड़े का इस्तेमाल किया। यह व्यक्ति 86 साल की उम्र में दुनिया छोड़ कर चला गया। अपोलो 14 मिशन का हिस्सा रहे एलन शेपर्ड ने फरवरी सन 1971 में चंद्रमा की धरती पर कदम रखा था। शेपर्ड साल 1974 में नासा से रिटायर्ड हुए। इसके बाद उन्होंने बैंकिंग और रियल स्टेट में काम करना शुरू किया। उनकी मृत्यु 1998 में ल्यूकेमिया में हुई। वह उस समय 74 साल के थे।शेपर्ड के साथ अपोलो 14 मिशन पर गए एडगर मिशेल छठे व्यक्ति थे,जिन्होंने चांद पर कदम रखा था। नासा से 1972 में रिटायर्ड होने के बाद उन्होंने कैलिफोर्निया में नोएटिक साइंसेज संस्थान की मदद की, जो ईएसपी और अन्य मानसिक घटनाओं पर शोध करता है। सन 2016 में फ्लोरिडा में 85 वर्षीय मिशेल की मृत्यु हो गई थी।अपोलो 15 क्लासिक के अंतरिक्ष यात्री डेविड स्टॉक सन 1971 में चांद पर गए थे। सन 1977 में नासा से रिटायर्ड होने के बाद उन्होंने लेखक के रूप में काम किया। इसके अलावा वह अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के बारे में किताबों और डॉक्यूमेंट्रीज के लिए कंसलटेंट बन गए। वे इस समय स्टॉक कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में रहते हैं।जेम्स इरविन, चंद्रमा पर चलने के लिए आठवें व्यक्ति बने थे। वह सन 1972 में नासा से रिटायर्ड हुए।उन्होंने ईसाई धार्मिक आउटरीच संगठन हाई फ्लाइट फाउंडेशन की स्थापना की। इरविन की मौत हार्ट अटैक से सन 1991 में हुई। वह 61 साल के थे। अपोलो 16 मिशन पर जाकर अप्रैल सन 1972 को जॉन यंग चांद पर चलने वाले नौवें व्यक्ति बन गए थे सन 2004 मे रिटायर्ड होने से पहले उन्होंने नासा के लिए करीब 40 साल तक काम किया। वे स्पेस शटल कोलंबिया मिशन पर काम करते थे। जॉन की मृत्यु 87 वर्ष की आयु में हुई।चार्ल्स ड्यूक उसी अपोलो 16 मिशन का हिस्सा थे, जिसमें जॉन यंग शामिल थे। चार्ल्स चंद्रमा पर जाने वाले दसवें व्यक्ति हैं। वह सन 1975 में नासा से सेवानिवृत्त हुए, जिसके बाद उन्होंने जेल मंत्रालय में काम किया। अब चार्ल्स 85 साल के हैं और टेक्सास में रहते हैं। वह एस्ट्रोनॉट स्कॉलरशिप फाउंडेशन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं।

अपोलो 17 मिशन के दौरान चंद्रमा पर जाने वाले यूजीन सेरनन 11वें व्यक्ति थे। सेरनन वह व्यक्ति हैं, जिन्होंने आखिरी बार चंद्रमा की सतह पर अपने कदमों के निशान छोड़ें थे। वह सन 1976 में नासा से रिटायर्ड हुए और एक प्राइवेट इंडस्ट्री में काम करने लगे। इसके अलावा वह गूड मॉर्निंग अमेरिका के लिए कमेंटेटर के तौर पर काम करते थे। सेरनन की मौत टेक्सास में जनवरी 2017 को 82 वर्ष की आयु में हुई। चंद्रमा पर कदम रखने वाले हैरिसन श्मिट उसी अपोलो 17 मिशन के भूविज्ञानी थे, जिस पर यूजीन सेरनन गए थे। इन्होंने नासा से सन 1975 में रिटायर्ड होने के बाद यू.एस. सीनेट में एक साल के लिए रिपब्लिकन के रूप में न्यू मैक्सिको का प्रतिनिधित्व किया। हैरिसन ने विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाने का काम भी किया है। वह 85 वर्ष के हैं और न्यू मैक्सिको में रहते हैं।चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग के बाद भारत वहां पहुंच गया है जहां पहले कोई देश नहीं पहुंचा है। स्पेस मिशन में बड़ी छलांग लगाते हुए भारत का मून मिशन चंद्रयान 3 गत बुधवार शाम 6.04 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा, जिससे भारत, चांद के इस इलाके में उतरने वाला दुनिया का पहला तथा उसकी सतह पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। विक्रम लैंडर पर चार पेलोड्स अलग अलग काम करेंगे,इनमें रंभा चांद की सतह पर सूरज से आने वाले प्लाज्मा कणों के घनत्व, मात्रा और बदलाव की जांच करेगा।वही चास्टे चांद की सतह के तापमान की जांच करेगा,जबकि इल्सा लैंडिंग साइट के आसपास भूकंपीय गतिविधियों की जांच करेगा।विक्रम लैंडर में लगा लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर एरे चांद के डायनेमिक्स को समझने का प्रयास करेगा।साथ ही उसके प्रज्ञान रोवर पर दो पेलोड्स हैं,जिनमे लेजर इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप चांद की सतह पर मौजूद रसायनों की मात्रा और गुणवत्ता का अध्ययन करेगा, साथ ही खनिजों की खोज भी करेगा।वही अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर एलिमेंट कंपोजिशन का अध्ययन करेगा। चांद पर मैग्नीशियम, अल्यूमिनियम, सिलिकन, पोटैशियम, कैल्सियम, टिन और लोहा आदि की खोज लैंडिंग साइट के आसपास चांद की सतह पर की जाएगी।यह सब कार्य मात्र 14 दिन की अवधि में पूरे होने है।इसी से विक्रम लैंडर भारत के लिए दुनिया मे खगोलीय अध्ययन का इतिहास लिख रहा है।

पीजी कालेज की समस्याओं को लेकर छात्र नेताओं ने चीफ प्राक्टर को सौंपा पत्रक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को पीजी कॉलेज के छात्र नेताओं ने छात्रों को हो रही समस्याओं को लेकर प्रबंधक के नाम संबोधित पत्रक चीफ प्राक्टर डॉ परिहार सिंह को सौंपा। छात्र नेताओं ने कहा कि महाविद्यालय प्रांगण में छात्र और छात्राओं के लिए कैंटिन कि सुविधा उपलब्ध है परन्तु कैंटिन बंद रहने से छात्र- छात्राओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे छात्र-छात्राओं में आक्रोश व्याप्त है यथा शीघ्र एक सप्ताह के अंदर संसाधन से युक्त कैंटिन को छात्र-छात्राओं के लिए नहीं खोला गया तो हम सभी छात्र-छात्रायें धरना प्रदर्शन पर बैठने को बाध्य होंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होंगी। पत्रक सौंपने में रिमा सिंह, अनुष्का सिंह, कृति राय,चन्द्रकला कुमारी, अर्चना छात्र नेता अभिषेक चौरसिया, शैलेश यादव, प्रिंस प्रजापति, ईश्वर यादव, विकाश यादव , राहुल,अंकित यादव , कृष्णा यादव, सुजल मौर्य, अंकित यादव, सुनील प्रजापति इत्यादि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

पीड़ा की माया....!

पीड़ा को करके घनीभूत....!
करता मानव दुख को अनुभूत...
मानव मन का यह विचित्र स्वभाव
अनचाहे ही सहता रहता वह,
पीड़ा का प्रबल वेग-प्रवाह...
पीड़ा में ही मिलती है शायद...!
उसको सबकी सहानुभूति...
मानो मित्रों.... जग में....
दर्शन मानव जीवन का
है कुछ अद्भुत....!
क्षण में ही कर देता सब विस्मृत,
क्षण में वह भाव क्लान्त...
क्षण में ही....अधरों पर स्मित...
क्षण में ही वह अभिभूत,
क्षण में ही जैसे सद्यः प्रसूत...!
क्षण में वह सोच रहा होता...
सुख के दिन कितने अच्छे थे...
पर शायद...बेहद ही कम थे...
दुःख ने कराया यह अनुभूत...!
मन में उठते विचार..अपने-आप..
धरा पर भाषित...सब पुण्य-पाप..
होते यहीं पर ही सब फलीभूत...
देखी उसकी सत्य प्रतीति...
कोई कहता है राख जिसे,
उसी को कोई कहता भूत-भभूत..
मानव मन का अंतर्विरोध...
विस्मय-बोध विषय है प्यारे...
जो पीड़ा को रख एक तरफ,
हरदम अपना और पराया निहारे..
माया-ममता तो देखो मित्रों...
पीड़ा में वह कभी न होता स्वछन्द
फिर भी घेरे रहते उसको अंतर्द्वंद
कसकर जकड़े रहती है जग-माया
भले छूटने को हो जर्जर काया...
पीड़ा में यह भी देखा है अक्सर...
मन उसका पीछे से यह कहता,
व्यर्थ ही मैंने समय गँवाया...
मोह न भूला...ना भूली माया...
किया छल-कपट तो जीवन भर
पर जान सका ना हित-अनहित...
मन भीतर से अब यह चाहे...!
हर बन्धन को...कर तिरोहित...
खोज ही लूँ अब धर्म पुरोहित...

जितेन्द्र कुमार दुबे
अपर पुलिस अधीक्षक
जनपद... कासगंज

हमारी संस्कृति में पशुपक्षियों का सम्मानजनक स्थान

डॉ. शारदा मेहता

मानव तथा पशु पक्षी समुदाय का सनातन परम्परा से अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है। कई पशु समुदाय तो मानव-जीवन के लिए रीढ़ की हड्डी के समान है, जिनके बिना जीवन की कल्पना असंभव प्रतीत होती है। पालतू पशु तो जीवन रक्षक हैं ही परन्तु जंगली पशु भी पर्यावरण के रक्षक हैं। पक्षी जगत से वनस्पति का विकास होता है। पक्षीगण वृक्षों पर बैठकर फल खाते हैं, उनके परागण से पृथ्वी पर नए-नए पौधों का विकास होता है। बीजों के अंकुरण से धरा पर हरीतिमा सर्वदा सुरक्षित रहती है। हमारे सनातन धर्म में देवगणों ने पशु-पक्षियों को वाहन बनाकर समाज में उन्हें उच्च पद प्रदान किया है। वे पशु पक्षी देवताओं के साथ बड़ी श्रद्धा के साथ पूजनीय हैं।

नन्दी (वृषभ) : नन्दी (बैल) शिवजी का वाहन है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। सदियों से कृषि कार्य में बैल का उपयोग किया जाता है। बैल का उपयोग गाड़ी जोतने (बैल गाड़ी) में होता है। प्राचीन समय में यही आवागमन का साधन था। सामान ढोने में भी इसका उपयोग किया जाता था। बैल एक परिश्रमी प्राणी है। शिव पूजन के समय नन्दी पूजन आवश्यक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि नन्दी के कान में अपनी इच्छित वस्तु माँग ली जाए तो भक्त के मन की बात पूर्ण हो जाती है।

सिंह : सिंह माता दुर्गा का वाहन है। यह जंगल का राजा है। सारनाथ में बने सिंह स्तंभ में चार मुख हैं। ये शक्ति, साहस, आत्मविश्वास एवं गौरव का प्रतीक है। इसके निचले हिस्से में एक घोड़ा और बैल है। घोड़ा पराक्रम का तथा बैल शक्ति का प्रतीक है। सिंह भारत का राष्ट्रीय पशु भी है। भगवान ने नृसिंह का रूप धारण कर अपने प्रिय भक्त प्रहलाद की रक्षा की थी और हिरण्यकश्यप का वध किया था।

श्वान : यह भैरवनाथ का प्रिय वाहन है। विशेषकर कृष्ण श्वान को तो भैरवनाथ का ही प्रतीक माना जाता है। दत्तात्रय भगवान को श्वान विशेष प्रिय थे। पांडवों में ज्येष्ठ युधिष्ठिर भी स्वर्ग जाते समय श्वान को ले गए थे। यह एक स्वामी भक्त पशु हैं। पुलिस विभाग में श्वान अपराधियों को पकड़ने में सहायता करते हैं। इनकी घ्राणशक्ति बड़ी तेज होती है।

हाथी : इन्द्र देवता का वाहन ऐरावत हाथी है। हाथी के दर्शन यदि प्रातःकाल हो जाए तो शुभ माना जाता है। बाल्यावस्था में जब गणेश का सिर शंकरजी ने काट दिया था तब हाथी का सिर ही उनको लगाया गया था। यह कार्य अश्विनी कुमारों ने ही किया था। प्राचीन समय में दीवारों पर हाथी के आकर्षक चित्र विभिन्न रंगों से बनाए जाते थे। ये शुभ सूचक होते थे।

भैंसा : यह यमराज का वाहन है। ऐसी मान्यता है कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के पूर्व काले भैंसे पर बैठकर ही यमराज प्राणहरण करने के लिए आते हैं।

गधा : गधा शीतला माता का वाहन है। यह एक सीधा-सादा प्राणी है। प्राचीन समय में यह सामान ढोने के काम में आता था। कुम्हार इनकी सहायता से ही रेत, मिट्टी, ईंटें, दीपक, मटके आदि सामग्री विक्रय के लिए लाते थे। धोबी भी कपड़े के गट्ठर इनके ऊपर रख कर नदी या तालाब में धोने के लिए लाते थे। गधा शब्द मूर्खता का प्रतीक माना जाता है। वर्तमान समय में इनकी प्रजाति पहाड़ी क्षेत्रों में सामान ढोने तथा तीर्थ यात्रियों को गंतव्य स्थल तक पहुंचाने में सहायता करती हैं।

मृग : मृग एक चंचल प्राणी है। यह किसी देवता का वाहन तो नहीं है परन्तु इसका संबंध शंकरजी से है। वे मृग चर्म ही धारण करते हैं। कई मृगों की नाभि क्षेत्र से कस्तूरी नामक औषधि प्राप्त होती है। पंचवटी में राक्षस मारीच ने स्वर्ण मृग का रूप धारण कर सीता माता के मन को आकर्षित किया था।

कछुआ : समुद्र मंथन के अवसर पर कछुए की भूमिका महत्वपूर्ण रही थी। मन्द्राचल पर्वत की मथनी बजाकर कछुए की पीठ पर ही मन्थन कार्य सम्पन्न किया गया था। सनातन धर्म में कूर्मावतार का विशेष महत्व है। भगवान विष्णु ने ही कूर्मावतार ग्रहण किया था।

बेलगाम पशुओं के हमलों से मरते लोग, सरकार मूकदर्शक

निर्मल रानी

कुत्ते, गाय व सांड तो पहले भी हमारे देश की सड़कों की शोभा बढ़ाते रहते थे। परन्तु विगत दस वर्षों में इनकी संख्या में कई गुना इजाफा हो गया है।जहां पेट लवर्स नाम का एक वर्ग जो चाहे खुद अपने घरों में कुत्ते पाले या न पाले परन्तु वह गलियों,सड़कों व स्टेशन के आवारा कुत्तों की तरफदारी करता या कभी कभी इन्हें रस्क,रोटी, बिस्कुट आदि खिलाता जरूर दिखाई देता है। परन्तु जो पेट लवर होने के बजाय मानवीय संवेदनाओं को अधिक तरजीह देता है और इंसान के दुख सुख को समझता है वह इन आवारा कुत्तों से भयभीत रहता है। शायद ही देश का कोई शहर ऐसा हो जहां आवारा कुत्ते द्वारा रोजाना किसी न किसी को काटे जाने व घायल करने की घटनायें न होती हों। इसी तरह सड़कों पर बेलगाम टहलने वाले गाय,बछड़े व सांडों की संख्या भी पहले से कई गुनी हो चुकी है। शहरों से लेकर गांव तक, सड़कों गलियों,चौराहों, राजमार्ग,एक्सप्रेसवे कहीं भी चले जायेंगे सांड व बछड़ों की भरमार देखने को मिल जाएगी। कुत्तों से ज्यादा खतरा इन सांडों व गायों से पैदा हो गया है। यह आये दिन होने वाले सड़क हादसों का कारण बन रहे हैं। अक्सर इनके सड़कों पर बैठे रहने या सांड युद्ध होने की वजक से सड़कों पर जाम भी लगा रहता है। यह रास्ता चलते लोगों को सींग मार देते हैं। कभी कभी तो यह इतना आक्रामक हो जाते हैं कि इंसान की जान तक ले लेते हैं। सड़कों गलियों में जगह जगह गाय सांड के गोबर पेशाब फैले रहते हैं।

चतुर राजनीतिज्ञों ने धार्मिक महत्व का पशु होने के नाते गाय व सांड के मुद्दे को लेकर समाज को भी दो हिस्सों में विभाजित कर दिया है। एक वह वर्ग है जो अपने दरवाजों पर बुलाकर गाय व सांड को रोटी आदि खिलाता है। या किसी निर्धारित स्थान पर चारा आदि डाल देता है। तो दूसरा वर्ग वह है जो इन जानवरों से होने वाले किसी नुकसान को लेकर सजग रहता है। परन्तु दरअसल पुण्यार्थियों द्वारा इन्हें खिलाने की वजह से ही यह बार बार उसी द्वार या स्थान पर जाते हैं जहाँ से इन्हें कुछ मिलता है। कभी कभी ऐसा भी होता है कि यदि किसी कारणवश दैनिक गऊ ग्रास डालने वाले किसी गऊ भक्त ने एक दिन इन्हें रोटी नहीं डाली या उस घर पर उस दिन कोई मौजूद नहीं है तो यह सींग से उसका गेट हिलाती रहती हैं। कई बार तो खिलाने वाले पर ही हमलावर भी हो जाते हैं। इन गौ ग्रास डालने वाले पुण्यार्थियों की इसी दैनिक प्रवृत्ति का लाभ तमाम चतुर व शातिर गोपालक भी उठाते हैं। वे सुबह सवेरे गाय का दूध निकाल कर अपने पशुओं को घर से बाहर निकाल देते हैं। और बेचारी गौ माता दिन भर दर दर की ठोकरें खाती रहती है और दरवाजे दरवाजे जाकर एक एक रोटी के लिये तरसती रहती है। परन्तु वही गाय शाम को फिर अपने घर वापस पहुंचकर उसी निर्दयी पशुपालक को दूध देती है।

विशेष संवाद : लव जिहाद से हिन्दू बहनों की रक्षा ही खरा रक्षाबंधन !

रक्षाबंधन को कैडबरी की नहीं, अपितु स्वसुरक्षा हेतु प्रोत्साहित करने की आवश्यकता ! - काजल हिंदुस्थानी, प्रखर हिन्दुत्वनिष्ठ

हिन्दुओं की लडकियों को फांसकर भगा ले जाना और अपने जनानखाने में बंद करनेवालों को हिन्दू जमाता नहीं चाहिए, ऐसा नैरेटिव स्थापित किया जा रहा है । हिन्दू लडकी मुसलमान को पत्नी के रूप में स्वीकार है; परंतु मुसलमान युवती यदि हिन्दू लडके से प्रेम कर ले, तो उसके प्राण क्यों ले लिए जाते हैं ? तब तथाकथित भाईचारा कहां जाता है ? जो धर्मांध अपनी सगी बहन के साथ विवाह करना गलत नहीं मानते, उसे अपने घर में प्रवेश देने से पहले हिन्दू बंधुओं को दस बार सोच लेना चाहिए । अब तक की घटनाओं से लव जिहादियों की मानसिकता पहचानें और अपने परिवार को बचाएं । अब हिन्दू बहनों को कैडबरी की नहीं, अपितु स्वसुरक्षा के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, ऐसा संदेश प्रखर हिन्दुत्वनिष्ठ काजल हिंदुस्थानी ने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में दिया । हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से लव जिहाद से हिन्दू बहनों की रक्षा, यही है खरा रक्षाबंधन! इस विषय पर आयोजित विशेष संवाद में वे बोल रहे थे । हिन्दू जनजागृति समिति के मुंबई प्रवक्ता श्री. सतीश कोचरेकर ने उनसे संवाद साधा ।

काजल हिंदुस्थानी आगे कहा कि उच्चशिक्षित तथा अच्छे घर की हिन्दू लडकी कबाडीबाले, पंक्चर ठीक करनेवाले मुसलमान युवक के साथ भाग जाती है । ऐसी घटनाओं के पीछे बॉलिवुड द्वारा दिया जा रहा सॉफ्ट पॉयजन कारणीभूत है । ऐसी युवतियां बॉलिवुड की आंतरधर्मीय विवाह करनेवाली अभिनेत्रियों को आदर्श मानती हैं । उसके पीछे काला पक्ष समझती नहीं । शाहरूखकी गौरी होने का प्रयत्न करती हैं; परंतु उन्हें यह समझ में नहीं आता कि उनका शाहरूख पंक्चर निकालनेवाला है । आज धर्मांधों को हिन्दू युवतियों को फांसकर लाने का प्रशिक्षण दिया जाता है । उसके लिए पैसे उडेले जाते हैं । हिन्दू युवकों को मंदिर के पुजारी ऐसा कुछ भी नहीं कहते । हिन्दू युवती भ्रमित होने के पीछे बॉलिवुड, सोशल मीडिया, ओटीटी प्लैटफॉर्म एवं टीवी पर आनेवाले विज्ञापन कारणीभूत हैं ।

काजलजी ने आगे कहा, आज अपने मंदिरों से हिन्दुओं को धर्मशिक्षा देने की व्यवस्था नहीं; जबकि मदरसों में धर्म सिखाने के साथ-साथ लडने का प्रशिक्षण भी दिया जाता है । हमें अहिंसा की जन्मघुट्टी पिलाकर तेजहीन करने का षड्यंत्र चालू है । आज विविध प्रकार के जिहाद के लिए मौलानाओं को धन की दिया जा रहा है; जबकि हिन्दू धर्मियों द्वारा मंदिरों को दी गई धनराशि सरकार लूट रही है । इस कारण हिन्दू समाज दुर्बल हो गया है । हिन्दू समाज को इतनी क्षति तो मुगलों और अंग्रेजों ने भी पहुंचाई, जितनी कांग्रेसी, सेक्युलरवादी सरकारों सहित कम्युनिस्ट इतिहासकार एवं ईसाई शिक्षाप्रणाली ने की है । इस संदर्भ में हिन्दू संगठनों को घर-घर जाकर प्रबोधन करने की आवश्यकता है । हिन्दू बंधुओं को भी किसी न किसी हिन्दू संगठन से जुडना होगा । युवावस्था में हार्मोनल चेंजेस होने से वे भावनिक एवं संवेदनशील हो जाते हैं; इसलिए महिला संगठनों को प्रत्येक महिने में एक बार तो विद्यालयों में जाकर 12-13 वर्षीय लडकियों का लव जिहाद के संकट के बारे में प्रबोधन करना चाहिए, ऐसा आवाहन भी काजलजी ने किया ।

गाजीपुर का केला जिले के आर्थिक विकास को देगा रफ़्तार

प्रखर गाजीपुर। जिले में केले के पैदावार की संभावनाएं देखते हुए उसके विभिन्न हिस्सों का इस्तेमाल कर कई उत्पाद तैयार करने की योजना है । जिलाधिकारी गाजीपुर आर्यका अखौरी ने बताया कि केले के उत्पादन से किसानों की आर्थिक विकास की संभावना है ब्लॉक कासिमाबाद के मुबारकपुर नेत के प्रगतिशील किसान अवनीश कुमार राय उर्फ अंशु राय ने अपने फार्म की प्राकृतिक केले को जिलाधिकारी महोदय को दिखाए तथा बताया कि जी -9 प्रजाति की केले की खेती करने से हमको बहुत लाभ हुआ है इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा हेड डॉ आर आर सी वर्मा, वैज्ञानिक डॉ अविनाश कुमार राय, डॉ शशांक शेखर तथा गाजीपुर जिले के कृषि उपनिदेशक श्री अतिंद्र सिंह जी भी मौजूद रहे कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर के वैज्ञानिकों ने बताया कि जी -9 प्रजाति के केले की खेती करने से प्रति एकड़ एक लाख की लागत

आती है तथा चार लाख का शुद्ध मुनाफा होता है इस वैरायटी की सबसे बड़ी खासियत है कि इस पर पनामा विल्ट बीमारी का प्रकोप कम रहता है इस प्रजाति का केला लैब में तैयार किया जाता है इसके पौधे छोटे व मजबूत होते हैं जिससे आंधी - तूफान में टूट कर गिरने की संभावना न के बराबर होती है यह केला 11 महीने में तैयार हो जाता है।

कोतवाली गाजीपुर पुलिस ने किया गोकशी गिरोह के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर गाजीपुर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को मुखबिर के सूचना पर थाना कोतवाली, गाजीपुर के सराय जेर किला क्षेत्र से अभियुक्तगण शकील कुरैशी उर्फ मुन्ना पुत्र अब्दुल जलील निवासी सराय गली जेर किला थाना कोतवाली गाजीपु, मुख्तार कुरैशी पुत्र अब्दुल जलील निवासी सराय गली जेर किला थाना कोतवाली गाजीपुर तथा शाद शेख उर्फ लक्की पुत्र शमीम शेख निवासी गोराबाजार थाना कोतवाली गाजीपुर को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 03 कुन्तल गौमांस, 01 कुन्तल गौवंशीय चर्बी, 170 अदद गोवंशीय व पड़वा की खाल, 01 राशि अर्ध कटा मृत गोवंश, 03 राशि जीवित गोवंश, 09 राशि जीवित पड़वा, 02 अदद कुल्हाड़ी, 2 अदद चापड़, 04 अदद लोहे की चाकू, 05 अदद लकड़ी का ठीहा, 08 अदद बाट, 02 अदद तराजू, 01 अदद मोटर साइकिल, गोमांश बिक्री के 1200/- रुपए नगद बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गयी।

सदस्यता महाअभियान किसानों के लिए बड़ा अवसर : सोमी सिंह

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सहकारी समितियो मे नये सदस्य बनाने हेतु 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चलने वाले महाअभियान के दृष्टिगत तहसील स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला सहकारी बैंक की मुख्य शाखा पिंडरा में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त सहकारिता तथा प्रभारी सहायक आयुक्त वाराणसी सोमी सिंह ने कहाकि सहकारिता महाअभियान किसानो के लिए बड़ा अवसर है।किसानो की समृद्धि के लिए सहकारिता विभाग ने इतिहास का सबसे बड़ा अभियान शुरू किया है। जिला सहकारीबैंक वाराणसी के सचिव / मुख्य कार्यपालक अधिकारी अखिलेश कुमार कुशवाहा ने कहाकि किसानो के बगैर सहकारिता और सहकारिता के बगैर किसान की कल्पना आज के युग मे की नही जा सकती। किसानो सहकारी समितियो से जुड़कर विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियो का हिस्सा बन सकते हैं। एडीसीओ राजातालाब माधवराम और अनुभाग अधिकारी संग्रह नायब सिंह ने महाअभियान के विभिन्न पहलुओ पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा सभी सचिवो को महाअभियान की किट उपलब्ध कराया। कार्यक्रम मे एडीओ हरहुआ अवधेश सिंह,एडीओ बड़ागांव रजनीश पांडेय ,एडीओ पिंडरा प्रियंका मिश्र ,शाखा प्रबंधक संतोष सोनकर,तनवीर अहमद ,ऋषि सिंह, दुर्गा प्रसादमिश्र, धनीशंकर मिश्र, अभय कुमार सिंह सोनू, अरविंद दूबे, गिरीश सिंह, रमेश सिंह, इन्दू प्रताप सिंह गुड्डू समेत अनेक सचिव उपस्थित रहे।

बहुउद्देश्यीय हब निर्माण में देरी पर सांसद से मिले किसान

प्रखर तमकुही, कुशीनगर। बहुउद्देश्यीय हब निर्माण से संबंधित अनुमोदन की प्रक्रिया में हो रही देरी पर किसानों का प्रतिनिधिमंडल सांसद देवरिया से मिले, और आ रही समस्या को दूर कर शीघ्र अधिग्रहण की प्रक्रिया को शुरू कराने की मांग की है। जिसके बाद सांसद देवरिया ने शीघ्र ही वार्ता कर अधिग्रहण की प्रक्रिया को शुरू कराने का आश्वासन दिया। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के फोरलेन के किनारे स्थित रजवटिया में खाली पड़े जमीन में बहुउद्देश्यीय हब निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसमे सरकारी भूमि के साथ ही किसानों से जमीन का अधिग्रहण की प्रक्रिया किया जाना है। शासन के निर्देश पर प्रशासन ने सर्वे कार्य के साथ ही भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुआवजे को लेकर किसानों से चर्चा के साथ ही बीते जून माह में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी करा चुकी हैं। उसके बाद भी अधिग्रहण की प्रक्रिया में हो रही देरी पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय राय व भाजपा मण्डल अध्यक्ष पटहेरवा श्रीनिवास राय के नेतृत्व में किसानों ने सांसद देवरिया रमापति राम त्रिपाठी से मिलकर अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है। बताया कि तहसील प्रशासन की ओर से मुआवजे की रकम निर्धारित करते हुए किसानों से सहमति पत्र पर दो माह पूर्व हस्ताक्षर करा लिया गया है, उसके बाद भी अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नही हो सकी हैं। जिसके बाद सांसद ने बताया कि बहुउद्देश्यीय हब रजवटिया में ही बनेगा, परियोजना से संबंधित जिम्मेदारों से यथाशीघ्र वार्ता कर अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कराई जायेगी।

212 पाउच देशी शराब के साथ एक अभियुक्त चढ़ा भावारकोल पुलिस के रडार पर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर । भांवरकोल पुलिस में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के लोहरपुर गांव पर तस्करी के लिए डेरे पर रखे 212 पाउच अवैध टेट्र शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर जितेन्द्र गोंड़ इसी थाना क्षेत्र के लोहरपुर गांव का रहने वाला है। इस संम्बंध में थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि सोमवार की भोर में एस आई रामअजोर यादव एवं हमराहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि लोहरपुरा गांव के एक डेरे पर बिहार में तस्करी के लिए अवैध शराब रखी हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कल 212 पाउच देसी टेट्रा शराब बरामद किया।

भविष्य निधि सबसे सुरक्षित निवेश : क्षेत्रीय आयुक्त

प्रखर पिंडरा वाराणसी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन एवं श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में सोमवार को करखियाव स्थित श्रीनाथ बेकर्स के परिसर में भविष्य निधि कार्यालय वाराणसी द्वारा निधि आपके निकट-2 के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें भविष्य निधि व पेंशन भोगी कर्मचारी शामिल रहे। क्षेत्रीय आयुक्त पवन कुमार सिंह ने जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहाकि हर नियोक्ता का जीवन और भविष्य सुरक्षित हो इसलिए सरकार के निर्देश पर जगह जगह कैम्प लगाकर निजी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों को जागरूक करना है। उन्होंने कर्मचारियों को उनके अधिकारों से अवगत कराते हुए कहाकि भविष्य निधि एक सुरक्षित निवेश का

माध्यम है। जिसमे सभी को लाभ लेना चाहिए। जागरूकता अभियान के तहत कैम्प में नाम संशोधन, नए भविष्य निधि के फॉर्म व उनके समस्या का निवारण किया गया। इस दौरान सैकड़ो विभिन्न कम्पनियों में काम करने वाले निजी कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन क्षेत्रीय कार्यालय से जुड़े मनोज शुक्ला व धन्यवाद ज्ञापन उद्यमी शुभम अग्रवाल ने किया।

एनजीटी में अगली सुनवाई 26 सितम्बर को, तब तक बंद रहेंगे क्रेशर एवं खनन कार्य

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। राष्ट्रीय हरित अधिकरण में आयोजित वाद संख्या 521 / 2022 सम्पूर्णानन्द बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में प्रिंसिपलज ब्रांच नई दिल्ली में 25 अगस्त को हुई सुनवाई में जिलाधिकारी मिजार्पुर उपस्थित होकर एन जी टी में अपना पक्ष रखते हुए पट्टा धारको एवं क्रेशर संचालकों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रीय हरित अधिकरण में 25 अगस्त को हुई सुनवाई का आदेश 26 अगस्त को देर शाम बेवसाइड पर अपलोड हो गया । राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश में कहा गया है कि संबंधित जिला मजिस्ट्रेट व्यक्तिगत रूप से पेश हुई हमें उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से पेश वकील ने सूचित किया है कि सभी 26 क्रेशर बंद कर दिए गए हैं। वहीं 40 में से 29 पट्टा धारकों की तरफ से एक वकील पेश हुए और कहा के उन्होंने आज सुबह जवाब दाखिल कर दिया है उक्त उत्तर रिकॉर्ड में नहीं आया है । इसे रिकॉर्ड पर रखा जाए। आईए नंबर 673 / 2023 प्रतिवादी संख्या 4 एम/एस आरके कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा दायर किया गया है यदि संबंधित उत्तरदाता चाहे तो उन्हें दो सप्ताह के भीतर इसका जवाब दाखिल करने की अनुमति है । अगली सुनवाई 26 सितंबर 2023 को होनी है। वही शिकायतकर्ता के अधिवक्ता ने कहा की देर से ही सही लेकिन जिला प्रशासन व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नींद से जाग गया जो प्लांट दिनांक 21 अगस्त 2023 को सील किए गए हैं उनको तो संचालित ही नहीं होना चाहिए था जिनके संचालन से माननीय अधिकरण भी हैरान है कि बिना वैध कागजात के मानक विहीन क्रेशर चलते रहे इतने बड़े पैमाने पर फिर भी जिनकी जिम्मेदारी थी इनको रोकने की वे लोग चुपचाप देखते रहें माननीय अधिकरण ने यह भी टिप्पणी किया कि जो खनन पट्टे इतने दिनों से मानक विहीन खनन कार्य कर रहे हैं उनको अभी तक निरस्त क्यों नहीं किया गया। शिकायतकर्ता ने कहा कि इतने दिनों से मानक के विपरीत हो रहें अवैध खनन के कारण क्षेत्र में कई लोगों को अपनी जान तक गवानी पड़ी जिसमें एक ही परिवार के तीन बच्चों की खनन से हुए गड्ढे में डूब कर हुई मृत्यु बहुत ही दुखद घटना थी। उस समय के तत्कालीन जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने मौके का दौरा तो किये लेकिन क्षेत्र में चल रहे इन अवैध और मानक विपरीत खनन कार्य को बंद करने के लिए कोई दिशा निर्देश नहीं दिए। मजदूरों के बेरोजगार होने की बात पर शिकायतकर्ता ने बताया कि मजदूरों के बेरोजगार होने का दुख है लेकिन खुशी इस बात की है कि उनकी और उनके परिवार जो सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे थे प्रदूषण से उनको निजात दिलाने में यह अहम फैसला है। शिकायत कर्ता सम्पूणार्नंद ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण में यह बात लिखकर मांग की गई है कि मानक विपरीत खनन कार्य करने वाले खनन पट्टे को निरस्त करते हुए जिस गांव का पहाड़ है उस गांव के व्यक्ति के नाम से खनन पट्टा आवंटित करें और पहाड़ों में सिर्फ मैन्युअल कार्य की अनुमति दी जाए जैसे पहले खनन कार्य होता था अगर ऐसा होता है तो यहां के मजदूरों को कार्य करने के लिए काम मिलेगा और स्थानीय उद्यमियों को भी कार्य करने का मौका मिलेगा।

11 किग्रा अवैध गांजा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर। थाना कछवां पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । दिनांकः27.08.2023 को उप-निरीक्षक भारत भूषण सिंह मय पुलिस टीम देखभाल क्षेत्र गश्त/चेकिंग मे मामूर थे कि इसी दौरान थाना कछवां क्षेत्र से बिना नम्बर की मोटरसाइकिल पर सवार 03 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया । जिनके द्वारा पूछताछ में अपना नाम 1. शशिकान्त मिश्रा, 2.हरिओम सिंह उर्फ भोले पटेल व 3.सुरेश कुमार पटेल निवासीगण थाना कोरांव जनपद प्रयागराज बताते हुए पिट्ठू बैग में अवैध गांजा रखा होना बताया गया। थाना कछवां पुलिस टीम द्वारा पिट्ठू बैग की तलाशी ली गयी तो उसमें 11 पैकेटो में रखा हुआ कुल 11 किग्रा अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कछवां पर मु0अ0सं0-136/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त न्यू वाहन हिरो स्प्लेण्डर प्लस बिना नम्बर का वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

भारत विकास परिषद सत्यम द्वारा संस्कृत सप्ताह के समापन एवं पारिवारिक मिलन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत विकास परिषद सत्यम द्वारा संस्कृत सप्ताह के समापन एवम पारिवारिक मिलन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन सारनाथ स्थित संस्कार वाटिका के प्रांगण में प्रातः किया गया` सर्वप्रथम पारिवारिक मिलन उत्सव समारोह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर शाखा की महिलाओं द्वारा विभिन्न आकर्षक प्रस्तुति दी गई इस अवसर पर सर्वप्रथम छोटी बिटिया जिया पेशवानी ने गणेश वंदना पर नृत्य किया` मुकुल रंजन व गीता राय ने गीत गाया एक भोजपुरी गीत रेखा पांडेय ने गाया जिसपर तबले की संगत पिंटू कुंडू ने दी, छोटे बच्चे अनमोल श्रीवास्तव ने तबले पर तीन ताल की प्रस्तुति सारिका बरनवाल व डा. हरक चंद बरनवाल ने युगल नृत्य प्रस्तुत किया सुनील कपूर व वीना कपूर ने युगल नृत्य किया, रंजना श्रीवास्तव ने गायन प्रस्तुत किया` अजीत मेहरोत्रा ने मै हूँ डॉन पर नृत्य किया नीति कपूर ने बिंदिया चमकेगी पर नृत्य किया` रेखा पांडेय व गीता सिंह ने कजरी गायन किया आरती मेहरोत्रा ने दिनेश मिश्रा ने भजन गया वंदना मौर्या ने कृष्ण भजन पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया सभी सदस्यों ने कार्यक्रम का लुफ्त उठाया` कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख अजीत मेहरोत्रा , रेखा पांडे , रवि पांडे, संतोष केसरी, दीपक माली, चेतन किसनानी, विष्णु सेठ ,सचिन अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे कार्यक्रम का कुशल संचालन नीति कपूर एवं शालिनी बरनवाल ने किया तत्पश्चात समापन समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कृति माह के संयोजक अंशुमन बरनवाल एवं वंदना श्रीवास्तव ने माह में सत्यम परिवार द्वारा संपन्न किए गए सेवा कार्यों का विवरण सदन के सम्मुख प्रस्तुत किया` शाखा सदस्यों को उनके सक्रिय सहयोग के लिए उपहार दिए गए समापन समारोह का संचालन नेहा थावानी ने किया एवं धन्यवाद प्रकाश हरीश थावानी ने किया।

कायस्थ महासभा ने मनाई महान शायर व स्वतंत्रता सेनानी फिराक गोरखपुरी की जयंती

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में स्वाधीनता आंदोलन के योद्धा, मजबूत सेनानी एवं उर्दू की दुनिया के अजीम शायर रघुपति सहाय फिराक गोरखपुरी की जयंती पर सोमवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सदर ब्लाक अन्तर्गत नुरपुर कैथवलियां गांव में स्थित महासभा के सदर ब्लाक के अध्यक्ष ए. के सिन्हा उर्फ विपुल जी के आवास पर विचार तथा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व महासभा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलकर देश की आजादी की रक्षा करने का संकल्प लिया।

इस गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा करते हुए कहा कि फिराक गोरखपुरी केवल विख्यात शायर ही नहीं बल्कि वह आजादी की लड़ाई के महान योद्धा थे। उनके अंदर देशभक्ति की भावना कूट कूट कर भरी थी। उनके अंदर देश को आजाद कराने का जुनून इस कदर था कि वह डिप्टी कलेक्टर के पद को ठुकराकर गांधी के आह्वान पर आजादी की लड़ाई में कूद पड़े जिसकी वजह से उन्हें डेढ़ साल की जेल की सजा भी हुई। यही देशभक्ति की भावना उनके साहित्य में भी दृष्टिगोचर होती है। उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से भारतीय समाज को जागृत करने का भी काम किया। इस गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता बालेश्वर विक्रम जी ने उन्हें एक युग निमार्ता शायर और समालोचक बताया। उन्होंने कहा कि वह एक सच्चे भारतीय थे और उतने ही स्वाभिमानी। नेहरू जी उनके अजीज मित्र थे। वह इंदिरा जी को बेटी कहकर बुलाते थे। आर्थिक तंगी होने के बावजूद भी उन्होंने नेहरू जी जैसे मित्रों से मदद न लेकर अपने मकान को बेचकर अपने पिताजी द्वारा छोड़े गए कर्ज, अपने छोटे भाइयों को तालीम और बहनों की शादियों के अलावा अपनी और जरूरतों को पूरा किया। आज पूरा देश उन्हें बहुत ही शिद्दत के साथ याद कर रहा है।

फिराक साहब की शायरी में जो

प्रतिध्वनियां और गूंज हमें सुनाई देती है उनमें एक अद्वितीय सुहावनापन है,भारत के धरती की सुगंध हैं और भारतीय संस्कृति का मातृत्व शपर्श है।आज भी उनकी शायरी से पूरी दुनिया महक रही है। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विचार गोष्ठी के उपरांत काव्य गोष्ठी में अपनी रचनाओं के माध्यम से देश में लगातार बढ़ रही धार्मिक कट्टरता, बदलती इंसानी फितरत और समाज की कुरीतियों और कुप्रथाओं तथा राजनीतिज्ञों, नौकरशाहों के गिरती नैतिकता पर तंज कसते हुए कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भी फिराक साहब को नमन किया।

युवा कवि गोपाल गौरव ने अपनी रचना "कहीं मस्जिद कहीं शिवाला? है,

फिर भी नहीं उजाला है" से

देश में बढ़ रहे धार्मिक कट्टरता एवं सम्प्रदायिकता पर कटाक्ष किया।

कवि कामेश्वर द्विवेदी ने अपनी रचना "गगन के चारु चाँद तारे दीप्त अंशुमान,

वन गिरि सरिताएँ गाते यशोगान हैं।

वेदकी ऋचाओं की पवित्र ध्वनि जहाँ,

वह

शोभनीय परम अनूप हिंदुस्तान है"

से अपने भारत देश की? विशिष्टताओं का बखूबी बखान किया।"

कवि हरिशंकर पांडे जी ने हर घर मे मोबाइल फोन से पड़ रहे दुष्प्रभाव पर तंज कसते हुए अपनी रचना "

रोटियां बनी कहिया हो,

होत भिनसरवा घनघनाएले मोबाइल

काम-धाम छोड़िके तो धीयवा पराईल

दूधवा फफाए चाहे जरे तरकरिया

रोटिया बनी कहिया हो" से दर्शकों की तालियां बटोरी।

युवा कवि आशुतोष श्रीवास्तव ने अपनी व्यंग्य रचना "सुनी ला कि बाबू अमीर हो गइलें" से आजकल बदल रहे इंसानों का फितरत पर कटाक्ष किया।

कवि हरिशंकर पांडे जी ने अपनी रचना

"संवाद नहीं होगा,

फरियाद नहीं होगा,

बातें बढ़ जाने पर,

कुछ लाभ नहीं होगा।

मन में कुछ गांठें हैं,

हर एक के ही दिल में,

सुलझा लें गांठों को ,

सबके हित में यह अच्छा होगा"से श्रोताओं को सोचने को मजबूर किया।

इनके साथ साथ अनन्तदेव? पांडे,विजय कुमार मधुरेश और दिनेश शर्मा ने भी अपनी कविताओं और गीतों के माध्यम से समां बांधने का काम किया।

इस अवसर पर सेन्ट्रल बार संघ कासिमाबाद के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, सेन्ट्रल बार संघ गाजीपुर के महामंत्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रेम कुमार श्रीवास्तव, परमानन्द श्रीवास्तव, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, अमर सिंह राठौर, मोहनलाल श्रीवास्तव, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार सिन्हा, शिवप्रकाश लाल, गौरव श्रीवास्तव, विपिन बिहारी वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, नवीन कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव "दीपक", मोहनलाल श्रीवास्तव, अमरनाथ श्रीवास्तव, संजय कुमार श्रीवास्तव, विनीत कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।इस गोष्ठी की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव एवं संचालन जिला महामंत्री अरूण सहाय ने किया। इस कार्यक्रम के संयोजक अतुल कुमार सिन्हा ने इस अवसर पर आयें सभी वक्ताओं एवं कवियों को माल्यार्पण कर एवं अंगम् वस्त्रम् प्रदान कर सम्मानित करते हुए सभी के प्रति आभार जताया।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा कार्यकताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। नगर में शनिवार को बीजेपी कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री की मन की बात सुना। इस दौरान कार्यकताओं ने कहा कि पीएम ने प्रेरणादायक बात कही है। नगर कार्यालय पर कार्यक्रम प्रसारित होने से पहले ही कार्यकर्ता जमा हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पीएम ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता देश की बड़ी उपलब्धि में से एक है, चंद्रयान को आज तीन दिन बीत चुके है । 23 अगस्त को चंद्रयान ने ये साबित कर दिया कि संकल्प के कुछ सूरज चांद पर भी उगते है। प्रधानमंत्री की मन की बात को बहुत ही मनोयोग से सुना । इस मौके पर प्रमुख रूप से सभासद मनीष गुप्ता, कपूर चंद जायसवाल, शांतिभूषण मिश्र, गजेंद्र पांडेय, आदर्श श्रीवास्तव, उषा मौर्य, अनिल प्रजापति समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सावन का आखिरी सोमवार पर शिवभक्तों मे भंडारा चलाकर सपाईयो ने बांटा पूड़ी- सब्जी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। श्रावण मास के आखिरी सोमवार को भी सपाईयो ने भंडारा चलाकर शिव भक्तो को पूड़ी ,सब्जी बांटा` सपा नेता लक्ष्मीकांत कांत मिश्रा उर्फ किशमिश गुरू के नेतृत्व मे बॉसफाटक मे सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कावडं यात्रा पर निकले कॉवरियो तथा श्रद्धालुओ को पूड़ी सब्जी एवं बुनिया लड्डू वितरीत किया श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को सपा नेता लक्ष्मीकांत कांत मिश्रा उर्फ किशमिश गुरू श्रद्धालुओ को तरह तरह के फलाहार वितरीत करते है` श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भंडारा चलाकर दस हजार लोगो को पूड़ी सब्जी लड्डू वितरीत किया गया` वितरीत करने वालो मे प्रमुख रूप से लक्ष्मीकांत कांत मिश्रा उर्फ किशमिश गुरू, पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ,आदेश मिश्रा, अदिती मिश्रा,पूर्व पार्षद विजय यादव विज्जु, मुजीब भाई,राहूल यादव, बबलू तिवारी, बलवंत सिंह, इमरान अहमद, श्यामू यादव , बृजेश कपूर, कमल तिवारी,अमर नाथ विश्वकर्मा, सुमित यादव, विनय सिंह,प्रदीप साहू,गणेश मिश्रा, गोपाल यादव, प्रमोद शुक्ला सहित इत्यादि लोग शामिल थे।

पुरैनी के बच्चों ने प्रस्तुत किया दही हंडी का अलौकिक कार्यक्रम

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर । राधा कृष्ण की जोड़ी अलौकिक तीनों लोकों में छाए हुए हैं । इस पर जमालपुर विकास खंड में स्थित कमपोजिट विद्यालय पुरैनी के छात्र- छात्राओं ने विद्यालय में दही हांडी सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय में प्रस्तुत कार्यक्रम में राधा-कृष्ण के मनोरम दृश्य से कमपोजिट विद्यालय पुरैनी के प्रांगण को वृन्दावन के साकार रूप में परिवर्तित कर दिया। वहीं दही- हाण्डी में बाल- कृष्ण अपने साथियों के साथ माखन की मटकी फोड़कर गोपियों को परेशान किया तो गोपियाँ भी कृष्ण की शिकायत करने से कहाँ चूकती। इन सभी दृश्यों को नृत्य के रूप में प्रस्तुत किया गया। कृष्ण के बाल रूप से लेकर युवा रूप तक के नटखट अंदाज को बच्चों ने उत्साहपूर्ण तरीके से साकार किया तो दूसरी तरफ छात्राओं ने माखन जो कृष्ण को प्रिय है उसको रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को दिखाया मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान पुरैनी चंदन चौरसिया द्वारा राधा-कृष्ण की मूर्ति पर फूल अर्पित करके व दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जहां विद्यालय के अंजली, बंदना,तनू कक्षा 7 ने आकर्षक रंगोली बनाई वही पीयूष, आदित्य, सागर, पंकज, आशीष, प्रियांश, बादल, सोनू, अरविन्द, ने दही हांडी में प्रतिभाग किया। अमृता व माहिर श्री कृष्णा तो आरती ,काजल, गुनगुन, महिमा और उनके साथी राधा कृष्ण नृत्य में प्रतिभाग किए। बच्चों को सजाने संवारने एवं कार्यक्रम के लिए मूर्ति रूप देने में विद्यालय की अध्यापिका सरिता राय, लक्ष्मी देवी, बिंदवाला देवी,विभा सिंह,ओम प्रकाश गुप्ता, नीलम, रचना पाल, आसिफ इत्यादि का अहम योगदान रहा।

स्पर्श कुष्ठ रोग अभियान शुरू, सितम्बर माह में चलेगा अभियान, 714 टीम का हुआ गठन

प्रखर मिजार्पुर। जनपद में 01 सितम्बर से 30 सितम्बर कुष्ठ रोग पखवाड़ा चलाया जायेगा। इसकी अभियान की शुरूआत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर छोटे लाल वर्मा करेगे। इस अभियान के दौरान कुष्ठ रोग विभाग की टीम कुष्ठ रोगियों की चिन्हाकंन किया जायेगा। साथ ही लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करेगी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जिले में कुष्ठ रोगियों को खोजने का अभियान सितम्बर माह में चलाया जायेगा। कुष्ठ रोगियों का ईलाज मंडलीय चिकित्सालय के अलावा जनपद के सभी 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 52 प्राथमिक स्वास्थ्य के अलावा 326 हेल्थ सबसेंटरों पर ईलाज व दवाइयों की भी निःशुल्क व्यवस्था है। इसके साथ अभियान को सफल बनाने के लिए 714 टीम को गठित कर दिया गया। अभियान के दौरान घरण्घर आशा व एएनएम रोगियों को चिन्हित करने का कार्य करेगी। इसके अलावा विभाग वर्ष 2022 में 76 मरीजों को चिन्हित करने का कार्य किया गया। उसमें से 76 मरीजों का इलाज सफलता पूर्वक किया गया। दिव्यांग होने की स्थिति 21 लोगो को अब विकलांग प्रमाण पत्र 292 लोगो को देने का कार्य किया जा चुका है। 61 मरीजों को सेल्फकेयर किट भी दिया गया है इसलिए अभियान प्रारम्भ होने के दिन जिले के तमाम स्कूलों में कार्यक्रमों व रैली को आयोजित करने का कार्य किया जायेगा।

आवारा पशुओं के आतंक पर सपा ने ट्वीट कर सरकार पर साधा निशाना

प्रखर खेतासराय जौनपुर। कस्बा समेत जमदहा व आसपास के ग्रमीण क्षेत्रों में छुट्टा पशुओं के जमावड़े पर अब समाजवादी पार्टी खुलकर आक्रामक हो गई है। सपा ने ट्वीट कर जिलाधिकारी को आड़े हाथ लिया है। यदि उनको शेल्टर में न भेज पाये तो अपने बंगले में छोड़ देना चाहिए। राजधानी में साढ़ के चलते एक वरिष्ठ पत्रकार की मौत के चलते सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी ट्वीट सरकार पर हमलावर है। गौरतलब है कि खेतासराय कस्बा और ग्राम पंचायत जमदहा में लबे रोड छुट्टा पशुओं के जमावड़े और उनके आतंक से खौफजदा राहगीरों की समस्या को मीडिया ने प्रमुख्ता से स्थान दिया। जिसमें ब्लॉक के बीडीओ जितेंद्र सिंह ने पशुओं को पकडने से हाथ खड़े कर लिए। उनका तर्क था अभी डिजीज चल रही है, जब तक उन्हें वैक्सीनेशन न दिया तब तक उन्हें आश्रय स्थल में नही रख सकते। टीकाकरण के कार्य पूर्ण होने मे अभी दो सप्ताह लगेंगे। उत्तर प्रदेश में छुट्टा पशुओं को लेकर राजनीति तेज हो गई है। सपा ट्वीट कर सरकार को निशाने पर लिया है। इन बेलगाम पशुओं को लेकर सरकार गम्भीर नही है, न ही कोई कोई कार्रवाई कर रही है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमीक जामई ने आवारा पशुओं को लेकर जिलाधिकारी पर निशाना साधा है। ट्वीट करके कहा कि छुट्टा पशुओं को उनके बंगले और थाने में पहुँचा देना चाहिए। जिससे जनता को राहत मिल सके। चौराहें और गलियों में ये जानवर कब आक्रामक हो जाए कुछ नही कहा जा सकता है। लखनऊ राजधानी और जिले में इस मुद्दे पर राजनीतिक पारा चढ़ गया।

जवान का गाना नॉट रमैया वस्तावैया रिलीज

मुंबई। एक्टर शाहरुख खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जवान को लेकर चर्चा में हैं। फैंस को उनकी इस फिल्म का सिनेमाघरों में रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार है। बीते दिनों फिल्म के प्रीव्यू को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। वहीं, लोगों को अब उनकी इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज का इंतजार है। इस बीच शाहरुख खान की जवान का एक नया गाना रिलीज हुआ है, जो दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। शाहरुख ने अपने इंस्टाग्राम पर नए गाने का एक वीडियो शेयर किया है। यह उनके नए नॉट रमैया वस्तावैया का टीजर है। इस गाने में शाहरुख जबरदस्त अंदाज में नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

कियारा

कम नॉलेज की वजह से हुईं ट्रोल का शिकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड में कई सिलेब्स अपने कम ज्ञान की वजह से कई बार बहुत ट्रोल हो चुके हैं। इनमें आलिया भट्ट से लेकर करीना कपूर, अनन्या पांडे जैसी बड़ी-बड़ी हस्तियों का नाम लिया जाता है। लेकिन अब इस लिस्ट में यूजर्स ने कियारा आडवाणी का नाम भी शामिल कर दिया है।

एक्ट्रेस साउथ इंडिया के पांच राज्यों के नाम नहीं गिना पाईं। अब यह थ्रोबैक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कियारा ने महेश बाबू की 2018 में रिलीज हुई मूवी 'भारत अने नेनु' से तेलुगु में अपनी शुरुआत की। बाद में उन्होंने राम चरण की 'विनय विद्या राम' के साथ काम किया, जो बॉक्स ऑफिस पर असफल साबित हुई। यह क्लिप फिल्म की रिलीज से पहले एक प्रमोशनल इवेंट का है। इस क्लिप में राणा दग्गुबाती हैं, जो साउथ इंडिया के फेमस एक्टर रामचरण और बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी का इंटरव्यू ले रहे हैं। राणा उनसे ही सवाल पूछ लेते हैं कि उन्हें साउथ के चार राज्य और चारों भाषाओं के बारे में पता होगा? कियारा हंसने लगती हैं तो रामचरण जानबूझकर उनसे पूछते हैं कि कौन-कौन से राज्य हैं? इस पर कियारा, राम से कहती हैं कि वो हमेशा उनके साथ ऐसे ही करते हैं। बस रामचरण समझ जाते हैं कि उन्हें नहीं पता और वो हंसने लगते हैं। उनके साथ राणा भी हंसने लग जाते हैं। लेकिन तभी कियारा कहती हैं कि उन्हें पता है। और वो बहुत स्ट्रगल करते हुए तेलंगाना का नाम लेती हैं। फिर वो हिचकते हुए आंध्र प्रदेश और कर्नाटक बोलती हैं। चौथा नाम उन्हें याद नहीं आता तो राणा उनसे पूछते हैं, 'तमिल (भाषा) कहां से है?'

हॉलीवुड मसाला

23 साल छोटी मॉडल से कर रहे डेट

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो को एक नई मॉडल के साथ देखा जा रहा है। वह उनसे 23 साल छोटी हैं। चर्चा है कि ये हैं एक्टर की नई गर्लफ्रेंड। रिपोर्ट के मुताबिक, लियोनार्डो को कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में मॉडल विटोरिया सेरेटी के साथ देखा गया, जो एक-दूसरे की कंपनी में काफी खुश दिख रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों गर्मी से राहत पाने की कोशिश कर रहे थे। उसके पास आइसक्रीम और आइस्ड कॉफी थी। दोनों कैजुअल लेकिन स्टाइलिश लुक में थे।

जेनिफर ने मनाई शादी की पहली एनिवर्सरी...

लॉस एंजलिस। हॉलीवुड के पावर कपल जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक की शादी को एक साल पूरा हो गया है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार ने इंस्टाग्राम पर शादी की कुछ अनदेखी तस्वीरें साझा कीं। साथ ही पति के लिए एक प्यार भरा कैप्शन भी लिखा है। हालांकि जेनिफर और एफ्लेक ने 17 जुलाई 2022 को लास वेगास में अंतरंग लिटिल व्हाइट वेडिंग चैपल में प्रतिज्ञा का आदान-प्रदान किया, लेकिन उन्होंने 20 अगस्त, 2022 को जॉर्जिया के राइजबोरो में गॉन गर्ल स्टार के निवास पर शादी की, जिसकी पुष्टि हो गई। इस खास दिन पर जेनिफर ने अपने पति के प्रति अपना प्यार जताया और कुछ खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर कीं।

अदा खरीदने जा रही सुशांत का फ्लैट

मुंबई। द केरल स्टोरी की एक्ट्रेस अदा शर्मा ने दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत का घर खरीद लिया है। दरअसल, सुशांत सिंह राजपूत का घर एक्टर की मौत के बाद से खाली पड़ा हुआ था और उन्हें कोई भी खरीदार नहीं मिल रहा था। वहीं, अदा शर्मा के फ्लैट खरीदने की खबरों के बीच एक्ट्रेस हाल ही में उनकी बिल्डिंग के बाहर स्पॉट की गई हैं और उन्होंने फ्लैट खरीदने को लेकर रिएक्ट किया है। इस वीडियो में अदा शर्मा सुशांत सिंह राजपूत के घर से बाहर आते हुए नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस से इस बीच पैपराजी ने घर खरीदने को लेकर सवाल किया है कि क्या आपने घर खरीद लिया है। इसपर एक्ट्रेस ने पैपराजी को जवाब देते हुए कहा कि जो भी होगा मैं सबसे पहले आप लोगों को बताऊंगी, मैं प्रॉमिस करती हूं, जो भी होगा मैं आप लोगों का मुंह मीठा करूंगी, अगर कुछ होता है तो।

सीरियल किलर बनने से किया मना...

मुंबई। एक्टर विजय वर्मा को अपनी असल पहचान नेगेटिव रोल से ही मिली है। एक्टर ने एक के बाद एक कई मूवी और वेब सीरीज में विलेन का किरदार निभाया है। विजय की एक्टिंग का हर कोई दीवाना है लेकिन अब लगता है कि इन सब कैरेक्टर्स से उनका मन भर गया है। फिल्म 'डार्लिंग्स' में एक सख्त पति और 'दहाड़' में सीरियल किलर बनकर उनकी किस्मत चमक गई है। इन रोल्स को करने के बाद विजय वर्मा को एक के बाद एक कई ऑफर्स आ रहे हैं। इसके बाद भी हैरानी की बात तो ये है कि सभी ऑफर्स उन्हें सीरियल किलर के रोल के लिए मिल रहे हैं, जिससे तंग आकर एक्टर ने सभी रोल्स को करने से मना कर दिया है।

टीवी मसाला

प्रियंका की लगी लॉटरी, बॉलीवुड एक्टर के साथ बनने वाली है जोड़ी

मुंबई। टीवी एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी की अब लॉटरी लग गई है। उडारियां और बिग बॉस से फेम हासिल करने के बाद उन्हें धड़ाधड़ प्रोजेक्ट्स मिल रहे हैं। एक्ट्रेस अब तक कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं। वहीं, अब उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। जल्द ही प्रियंका चाहर चौधरी एक बड़े बॉलीवुड एक्टर के साथ स्क्रीन पर रोमांस करते नजर आने वाली हैं। प्रियंका चाहर चौधरी को बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा के साथ ऑन स्क्रीन इश्क फरमाने का चांस मिला है। यानी जल्द ही अब वो रणदीप हुड्डा के अपोजिट नजर आएंगी। बता दें, इस फ्रेश जोड़ी को देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इसी बीच अब इनके नए प्रोजेक्ट को लेकर कई डिटेल्स सामने आ गई हैं। साथ ही रणदीप और प्रियंका के प्रोजेक्ट से उनका फर्स्ट लुक भी रिवील हो गया है।

टोनी को डेट कर रही मनीषा?

मुंबई। बिग बॉस ओटीटी 2 विनर एल्विश यादव ने मनीषा रानी से बात की। यहां उन्होंने उनसे टोनी कक्कड़ को डेट करने को लेकर सवाल पूछा। एल्विश ने मनीषा से कहा कि तुम्हें याद है हमने बिग बॉस हाउस में एक वेब सीरीज बनाने के बारे में प्लान किया था। क्या आपको लगता है कि हमें ये अभी करना चाहिए? अब जब आप स्टार बन गई हैं, तो आपकी फीस भी बढ़ गई होगी। इस पर मनीषा ने कहा कि सितंबर में वेब सीरीज की प्लान बनाते हैं, क्योंकि अभी सिंगर टोनी कक्कड़ के साथ मेरे एलबम के लिए मेरी शूटिंग बाकी है। जैसी मनीषा टोनी कक्कड़ का जिक्र करती हैं, वैसे ही एल्विश उनसे बोलते है कि क्या वो टोनी को डेट कर रही हैं?

गदर-2 की धुआंधार कमाई जारी छुआ 430 करोड़ का आंकड़ा

मुंबई। 'गदर 2' लगातार थिएटर्स में धुआंधार कमाई कर रही है। 11 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म ने सिर्फ 8 ही दिन में 300 करोड़ का पहाड़ जैसा आंकड़ा पार कर लिया था और 12 दिन में इसकी कमाई 400 करोड़ के पार जा चुकी थी। अब 16 ही दिन की कमाई से 'गदर 2' ने एक और बहुत बड़ा रिकॉर्ड पार कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के शुरूआती अनुमान बताते हैं कि 'गदर 2' ने 16वें दिन बॉक्स ऑफिस पर 12 से 13 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही 16 दिन में सनी की फिल्म का नेट इंडिया कलेक्शन 438 करोड़ रुपए से ज्यादा पहुंच गया है।

ड्रीम गर्ल-2 ने दूसरे दिन पकड़ी रफ्तार..

मुंबई। 25 अगस्त को आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई है। इसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। तभी तो केवल 2 दिनों में फिल्म 25 करोड़ का आंकड़ा पार करने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 ने बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन 14.02 करोड़ की कमाई की है, जिसके बाद फिल्म का कलेकशन 24.69 करोड़ हो गया है। वहीं 25 करोड़ का आंकड़ा इस वीकेंड पर फिल्म पार कर लेगी क्योंकि पहले दिन 10.69 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है, जो कि दूसरे दिन बढ़ गया था। गदर 2 की बात करें तो सनी देओल की फिल्म ने 16वें दिन यानी शनिवार को केवल 12.50 करोड़ की कमाई की है, जो कि ड्रीम गर्ल 2 के मुकाबले कम है। हालांकि 16 दिन और दो दिन का फासला देखा जाए तो गदर 2 बहुत अच्छी कमाई कर रही है।

कृति मनाएंगी मिमी की टीम के साथ जश्न

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेसेस कृति सेनन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का अवार्ड जीता। कृति को 'मिमी' में एक सरोगेट मां के किरदार के लिए अवॉर्ड मिला। अब खबर है कि कृति मिमी की टीम से नेशनल अवार्ड का जश्न मनाएगी। इससे पहले उन्होंने कृति अपने परिवार के साथ मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन करने पहुंची। भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के बाद, वह पपाराजी को प्रसाद बांटते हुए देखी गईं। बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतने के बाद कृति सेनन ने इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा, एक्साइटेड, ब्लेस्ड, आभारी। अभी भी यकीन नहीं कर पा रही हूं। खुद को चिकोटी काट रही हूं। यह सच में हुआ है। मिमी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय पुरस्कार। जूरी को धन्यवाद, जिन्होंने मेरी परफॉर्मेंस को सबसे बड़े पुरस्कार के योग्य समझा। यही तो मेरी दुनिया है। मुझ पर और मेरी क्षमता पर विश्वास करने के लिए, हमेशा मेरे साथ खड़े रहने के लिए और मुझे एक ऐसी फिल्म देने के लिए मैं आपको कितना भी धन्यवाद दूं, कम है। लक्ष्मण सर, आप हमेशा मुझसे कहते थे 'मिमी', देखना आपको इस फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। मिल गया सर! और मैं आपके बिना यह नहीं कर पाती।

दूसरे पार्ट ने कर दी नोटों की बारिश, निर्माता-निर्देशक हुए मालामाल

फिल्मों का पहला पार्ट हिट, सीक्वल ने कमाए करोड़ों

मुंबई। आज के दौर में फिल्मों के सीक्वल आना शुरू हो गए हैं। कुछ ऐसे डायरेक्टर्स ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपनी पहली फिल्म रिलीज की और किस्मत से वह सुपरहिट हो गई। इसके बाद सीक्वल बनाने का एक आइडिया चमका और दूसरे पार्ट से लोगों का दिल जीत लिया। इतना ही नहीं इन डायरेक्टर्स ने दूसरा पार्ट बनाकर बॉक्स ऑफिस पर नोटों की बारिश करा दी। बॉलीवुड की ऐसी ही 5 फिल्में हैं जिनके दूसरे पार्ट ने भी रिकॉर्ड कमाई कर बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया।

इश्किया की सीक्वल डेढ़ इश्किया

माधुरी दीक्षित, नसीरुद्दीन शाह, अरशद वारसी और हुमा कुरेशी स्टारर फिल्म डेढ़ इश्किया साल 2014 में रिलीज हुई थी। डायरेक्टर अभिषेक चौबे की ये फिल्म 2010 में रिलीज हुई इश्किया का सीक्वल थी। इस सीक्वल फिल्म में माधुरी दीक्षित और हुमा कुरेशी की कैमिस्ट्री रही। फिल्म में विजय राज ने भी अपनी एक्टिंग का तड़का लगाकर फिल्म को मजेदार कर दिया था। फिल्म के गाने 6भी लोगों को काफी पसंद आए थे।

कमाई में धूम -2 ने मारी बाजी

डायरेक्टर संजय गधवी की फिल्म धूम-2 साल 2006 में रिलीज हुई थी। फिल्म में ऋतिक रोशन और ऐश्वर्या राय लीड रोल में नजर आए थे। धूम फिल्म के इस सीक्वल ने बॉक्स ऑफिस पर भी कमाल कर दिया था। महज 42 करोड़ रुपयों से बनी इस फिल्म ने 113 करोड़ रुपयों की कमाई पूरे देश में की थी। फिल्म की वर्ल्डवाइड कमाई 151 करोड़ रुपयों से भी ज्यादा रही थी।

एक था टाइगर का पार्ट- 2 टाइगर जिंदा है...

साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'टाइगर जिंदा है' सलमान खान और कैटरीना कैफ के करियर की एक बेहतरीन फिल्म है। ये फिल्म भी 'एक था टाइगर' का सीक्वल थी। फिल्म ने भारत में 210 करोड़ रुपयों का कलेक्शन कर बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिया था। अब इस फिल्म का तीसरा पार्ट भी जल्द ही रिलीज होने वाला है। इस साल दीवाली पर 'टाइगर-3' रिलीज होगी। साथ ही इससे अच्छी कमाई की उम्मीद की जा रही है।

ओएमजी- 2 ...

डायरेक्टर अमित राय की फिल्म ओएमजी-2 बीते 11 अगस्त को रिलीज हुई थी। गदर-2 के साथ टकराने वाली फिल्म भी 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। ये फिल्म भी ओएमजी का सीक्वल थी। इस फिल्म ने अब तक सिनेमाघरों में ही 113 करोड़ रुपयों की कमाई कर रिकॉर्ड बना दिया है और कमाई करने में लगी हुई है। फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अक्षय कुमार और यामी गौतम लीड किरदारों में नजर आ रहे हैं।

डॉन-2 और उसके बाद डॉन- 3

डॉन फिल्म की कहानी इतनी दिलचस्प है कि इसे तीन पीढ़ियों ने देखा है। सबसे पहले अमिताभ बच्चन ने पर्दे पर डॉन बनकर खूब नाम कमाया। इसके बाद शाहरुख खान डॉन बने तो लोगों ने पर्दे पर खूब तालियां पीटीं। इसके बाद फिल्म के डायरेक्टर फरहान अख्तर ने साल 2011 में इसका दूसरा पार्ट भी रिलीज कर दिया। इस फिल्म में भी शाहरुख खान और प्रियंका चोपड़ा नजर आए। महज 76 करोड़ रुपयों के बजट से बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 200 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई कर इतिहास रच दिया। अब डॉन-3 की तैयारी भी जमकर चल रही है जिसमें रणबीर सिंह मुख्य रोल निभाएंगे।

जीडीपी आंकड़े पर निर्भर रहेगा बाजार

शेयर समीक्षा: फेड रिजर्व के ब्याज दर बढ़ाने के संकेत का रहेगा असर

मुंबई। देश की जून तिमाही जीडीपी के आंकड़े अगले हफ्ते आने वाले हैं। इसका बाजार पर बड़ा असर पड़ेगा। वहीं अमेरिका के जीडीपी आंकड़े भी अगले हफ्ते ही सामने आएंगे। इसी के साथ देश के मैन्युफैक्चरिंग और बेरोजगारी से जुड़े आंकड़े भी अगले हफ्ते पेश किए जाएंगे। फेड रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के जैक्सन होल बैठक में महंगाई की ऊंची दर को ध्यान में रखते हुए ब्याज दर में बढ़ोतरी किये जाने के संकेत का अगले सप्ताह बाजार पर असर रहेगा।

विश्लेषकों के अनुसार, निवेशकों के जैक्सन होल बैठक के नतीजे को लेकर सतर्कता बरतने से घरेलू बाजार में एक और सप्ताह नुकसान का रहा। निवेशकों को ब्याज दरों में बढ़ोतरी की भविष्य की संभावनाओं का आकलन करने के लिए फेड अध्यक्ष पॉवेल के वक्तव्य का उत्सुकता से इंतजार था। 31 अगस्त को भारत के पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़े पेश होंगे। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार मार्च तिमाही से ज्यादा रह सकता है। हाल ही में रॉयटर्स ने एक रिपोर्ट पेश की जिसमें 50 से ज्यादा अर्थशास्त्रियों ने एक पोल में हिस्सा लिया था, इस पोल में सामने आया कि देश में 7.7 फीसदी की ग्रोथ का अनुमान है। इसके अलावा 31 अगस्त को ही जुलाई के लिए आठ कोर सेक्टर का आउटपुट और फिस्कल डेफिसिट के जुड़े आंकड़े भी जारी होने हैं। एक सितंबर को भारत के अगस्त मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई आंकड़े और ऑटो सेक्टर की अगस्त सेल्स के आंकड़े भी जारी होने हैं। 29 अगस्त को अमेरिका अपने दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े जारी करेगा। इन आंकड़ों से संकेत मिलेंगे कि अमेरिका अर्थव्यवस्था में रिकवरी है या मंदी का दबाव बढ़ रहा है। बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 62.15 अंक अर्थात 0.1 प्रतिशत की मामूली गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 64886.51 अंक और एनएसई का निफ्टी 44.35 अंक यानी 0.22 प्रतिशत टूटकर 19265.80 अंक पर आ गया।

टॉप टेन में से तीन कंपनियों की बाजार पूंजी घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से तीन कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 82082.91 करोड़ रुपए की गिरावट आई है। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ है। बीते सप्ताह शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन घट गया। वहीं टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईटीसी, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। इन सात कंपनियों की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 67814.1 करोड़ रुपए बढ़ी है।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही

घाटे में रहने वाली कंपनियां

कंपनी	पूंजी में बढ़त	कुल बाजार पूंजी
रिलायंस इंडस्ट्रीज	58690.9	1671073.78
एचडीएफसी बैंक	20893.12	1181835.08
एसबीआई	2498.89	508926

बढ़त करोड़ रुपए में

सात कंपनियों की पूंजी में इजाफा

कंपनी	पूंजी में कमी	कुल बाजार पूंजी
बजाज फाइनेंस	21025.39	436788.86
आईसीआईसीआई बैंक	13716.34	679267.17
इन्फोसिस	13199.82	589579.08
भारती एयरटेल	9731.21	488461.91
टीसीएस	4738.47	1236978.91
हिंदुस्तान यूनिलीवर	2972.23	603222.31
आईटीसी	2430.64	553251.90

नुकसान करोड़ रुपए में

एफपीआई के निवेश की रफ्तार सुस्त, अगस्त में अबतक शेयरों में डाले 10689 करोड़ रुपए

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों एफपीआई की भारतीय शेयर बाजारों में निवेश की रफ्तार अगस्त में कुछ सुस्त पड़ी है। इससे पिछले तीन माह के दौरान एफपीआई ने भारतीय शेयरों में भारी निवेश किया था। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और महंगाई के जोखिम के बीच इस महीने अबतक विदेशी निवेशकों का शेयर बाजारों में शुद्ध निवेश 10689 करोड़ रुपए रहा है। वृहद आर्थिक अनिश्चितता और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से इस सप्ताह शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव रह सकता है। इससे विदेशी निवेशक भारत सहित उभरते बाजारों से निकासी कर सकते हैं और अमेरिकी प्रतिभूतियों में निवेश बढ़ा सकते हैं। इससे पिछले तीन माह में एफपीआई का निवेश लगातार 40000 करोड़ रुपए से अधिक रहा था। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉन्ड बाजार में भी 5950 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस साल भारतीय शेयरों में एफपीआई का निवेश 1.37 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। वहीं ऋण या बॉन्ड बाजार में उनका निवेश 26400 करोड़ रुपए रहा है।

आधा दर्जन से अधिक सरकारी कंपनियों पर जुर्माना

सूचीबद्धता नियमों को पूरा करने में लापरवाही पड़ी भारी, आईओसी, ओएनजीसी और गेल शामिल

नई दिल्ली । शेयर बाजारों ने सूचीबद्धता नियमों को पूरा करने में विफल रहने पर सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम और गैस कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन आईओसी, ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन ओएनजीसी और गेल सहित आधा दर्जन से अधिक कंपनियों पर जुर्माना लगाया है। इन कंपनियों ने स्वतंत्र और महिला निदेशकों की जरूरी संख्या से संबंधित सूचीबद्धता नियमों को अनुपालन नहीं किया है। अलग-अलग दी सूचना में कंपनियों ने बीएसई और एनएसई द्वारा लगाए गए जुर्माने का विवरण दिया गया है।

हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि निदेशकों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है और इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं होती। ओएनजीसी पर 3.36 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है, आईओसी को 5.36 लाख रुपए का जुर्माना अदा करने को को कहा गया है। गैस कंपनी गेल पर 2.71 लाख रुपए, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एचपीसीएल पर 3.59 लाख रुपए, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड बीपीसीएल पर 3.6 लाख रुपए, ऑयल इंडिया लिमिटेड पर 5.37 लाख रुपए और मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स एमआरपीएल पर 5.37 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आईओसी पर बोर्ड में आवश्यक एक महिला निदेशक नहीं होने के कारण जुर्माना लगाया गया है। इसे छोड़कर सभी कंपनियों पर स्वतंत्र निदेशकों की आवश्यक संख्या रखने के मानदंड का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईओसी ने कहा कि निदेशकों स्वतंत्र और महिला निदेशकों सहित की नियुक्ति का अधिकार भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पास है। 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान बोर्ड में महिला स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति न होना कंपनी की किसी लापरवाही गलती के कारण नहीं था। इंडियन ऑयल को जुर्माना भरने के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जाना चाहिए और इसे माफ कर दिया जाना चाहिए।

किस कंपनी पर कितना जुर्माना

कंपनी	राशि
आईओसी	5.36
ओएनजीसी	3.36
बीपीसीएल	3.6
एचपीसीएल	3.59
गेल	2.71
ऑयल इंडिया	5.37
मैंगलोर रिफाइनरी	5.37

जुर्माना लाख रुपए में

1200 डॉलर प्रति टन से कम मूल्य के बासमती चावल निर्यात पर रोक

नई दिल्ली। सरकार ने प्रीमियम बासमती चावल की आड़ में सफेद गैर-बासमती चावल के संभावित अवैध निर्यात को रोकने के लिए 1200 डॉलर प्रति टन से कम दाम के बासमती चावल के निर्यात की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को बयान में कहा कि उसने व्यापार संवर्धन निकाय कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण एपीडा को 1200 डॉलर प्रति टन से नीचे के अनुबंधों को पंजीकृत नहीं करने का निर्देश दिया है। मौजूदा 1200 डॉलर प्रति टन से नीचे के कॉन्ट्रैक्ट्स को स्थगित रखा गया है। भविष्य के लिए एपीडा के चेयरमैन की अगुवाई में एक समिति गठित की जाएगी। चावल की खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयास के तहत केंद्र सरकार घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। पिछले साल सितंबर में केंद्र सरकार ने टूटे हुए चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जबकि पिछले महीने उसने गैर-बासमती सफेद चावल पर प्रतिबंध लगाया था।

एपीडा को अवैध निर्यात रोकने के निर्देश

वाणिज्य मंत्रालय के बयान के अनुसारए सरकार ने बासमती चावल की आड़ में सफेद गैर-बासमती चावल के संभावित अवैध निर्यात को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय शुरू करने के लिए एपीडा को निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार, केवल 1200 डॉलर प्रति टन और उससे अधिक मूल्य वाले बासमती निर्यात के अनुबंधों को पंजीकरण सह आवंटन प्रमाणपत्र आरसीएसी जारी करने के लिए पंजीकृत किया जाना चाहिए।

अप्रैल-जून तिमाही में एफडीआई घटा

नई दिल्ली। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एफडीआई प्रवाह चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 34 प्रतिशत घटकर 10.94 अरब डॉलर रहा है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में एफडीआई प्रवाह 16.58 अरब डॉलर रहा था। जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में भी एफपीआई 40.55 प्रतिशत घटकर 9.28 अरब डॉलर पर रह गया था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग डीपीआईआईटी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल, मई और जून में विदेश से निवेश घटकर क्रमशः 5.1 अरब डॉलर, 2.67 अरब डॉलर और 3.16 अरब डॉलर रह गया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा क्रमशः 6.46 अरब डॉलर, 6.15 अरब डॉलर और 3.98 अरब डॉलर था। कुल एफडीआई जून तिमाही में 21.4 प्रतिशत घटकर 17.56 अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 22.34 अरब डॉलर था।

मॉरीशस, सिंगापुर से एफडीआई घटा

मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात यूएई से समीक्षाधीन अवधि में एफडीआई घटा है। कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, ट्रेडिंग, दूरसंचार, वाहन, फार्मा और रसायन जैसे क्षेत्रों में एफडीआई कम रहा है। हालांकि सेवा, निर्माण गतिविधियों, निर्माण विकास और विकास एवं धातुकर्म उद्योग में एफडीआई बढ़ा है।

महाराष्ट्र में सबसे अधिक आया विदेशी निवेश

राज्यवार आंकड़ों में जून तिमाही में सबसे ज्यादा 4.46 अरब डॉलर का एफडीआई महाराष्ट्र में आया है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में आए 5.24 अरब डॉलर से कम है। अप्रैल-जून 2023 के दौरान केमैन आइलैंड्स और साइप्रस से निवेश काफी कम होकर क्रमशः 7.5 करोड़ डॉलर और 60 लाख डॉलर रह गया।

वेदांता की राजस्थान सरकार के खिलाफ बड़ी जीत

9545 करोड़ रुपए का मामला

नई दिल्ली। दिग्गज माइनिंग किंग और अरबपति कारोबारी अनिल अग्रवाल ने सरकार के खिलाफ 9545 करोड़ रुपए के मामले में बड़ी जीत हासिल की है। वेदांता ने 9545 करोड़ की लागत स्वीकार नहीं करने के मामले में सरकार के खिलाफ मध्यस्थता का केस जीत लिया है। दरअसल सरकार ने वेदांता के राजस्थान ऑयल एंड गैस फील्ड्स से अधिक भुगतान की मांग की थी, जबकि अनिल अग्रवाल की कंपनी ने कहा था कि उसने 9545 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। खनन कारोबारी अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता लिमिटेड ने 1.16 अरब डॉलर की लागत को स्वीकार नहीं करने के मामले में सरकार के खिलाफ मध्यस्थता का मुकदमा जीत लिया है। सरकार ने कंपनी के राजस्थान तेल और गैस क्षेत्रों से अधिक भुगतान की मांग की थी। दूसरी ओर वेदांता ने कहा था कि कुछ निश्चित लागत में 9545 करोड़ रुपए खर्च हुए। सरकार ने तेल ब्लॉक की कुछ लागत को फिर से आवंटित करने और राजस्थान ब्लॉक से उत्पादित तेल के लिए पाइपलाइन बिछाने पर आने वाली लागत के एक हिस्से को अस्वीकार कर दिया था। ऐसे में अतिरिक्त लाभ पेट्रोलियम या तेल और गैस क्षेत्रों में इसका हिस्सा की मांग की गई।समझौते के अनुसार, कंपनी को सरकार के साथ तय अनुपात में लाभ बांटने से पहले सभी लागत को वसूलने की अनुमति दी जाती है।

सरकारी बैंकों के प्रमुखों का बढ़ेगा कार्यकाल

रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने पर विचार कर रही सरकार

नई दिल्ली। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक केंद्र सरकार सरकारी इंश्योरेंस कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम, एलआईसी भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई और अन्य पब्लिक सेक्टर बैंकों के प्रमुखों की रिटायरमेंट उम्र को बढ़ाने पर विचार कर रही है। इस मामले पर वित्त मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी ने बताया है कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के अधिकारियों के कार्यकाल को बढ़ाकर 65 साल तक करने का प्रस्ताव मिला है। वहीं एलआईसी और एसबीआई के चेयरमैन की रिटायरमेंट उम्र को 62 साल से बढ़ाकर 65 साल किया जा सकता है। पब्लिक सेक्टर के बैंकों के मैनेजिंग डायरेक्टर की रिटायरमेंट उम्र को 1 से 2 साल तक बढ़ा सकती है। ऐसे में यह 60 वर्ष से बढ़कर 62 साल हो जाएगी। वहीं एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा की आयु 63 साल है और उनका कार्यकाल अगस्त 2023 में खत्म हो रही है। ऐसे में अगर उन्हें दो साल का एक्सटेंशन मिल जाता है उनका कार्यकाल 65 वर्ष की आयु तक हो जाएगा।

कार्यकाल बढ़ाने का क्या होगा फायदा

विशेषज्ञों और सरकार का मानना है कि बैंकों और पीएसबी के शीर्ष पदों के अधिकारियों के कार्यकाल को बढ़ाने के पीछे सरकार का यह मकसद है कि इससे बैंकों के फैसले में स्थिरता लाई जा सके। इससे बैंकों से जुड़े फैसले लेने में आसानी होगी और यह व्यवस्था लंबे वक्त के लिए प्रभावी होगी।

निसान और सोनी में साझेदारी

नई दिल्ली। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया ने निसान मोटर्स के साथ ग्रैन टूरिज्मो की अनूठी मार्केटिंग पार्टनरशिप के लिए हाथ मिलाया है। ग्रैन टूरिज्मो दुनिया की लोकप्रिय रेसिंग वीडियो गेम्स में से है जिसे सोनी प्ले2 स्टेपशन बैनर तले 1997 में जारी किया गया था। मूवी और गेमर्स की दुनिया में इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। भारत में 25 अगस्त को फिल्म का प्रीमियर हुआ। निसान ने 2008 में जीटी एकेडमी की शुरुआत की थी, यह गेमर टूरेसर प्रतियोगिता थी जिसने वीडियो गेम रेसर्स को असली दुनिया के रेसिंग चैंपियन्स में बदल दिया। मोहन विल्सान डायरेक्टपर मार्केटिंग निसान मोटर्स इंडिया ने कहा, ग्रैन टूरिज्मो वास्तव में निसान के कुछ वह कर डालो जिसे करने की हिम्मत भी दूसरे नहीं कर पाते के जज्बे के अनुरूप है। यह युवा पीढ़ी के साथ जुड़ने का मौका देता है।

वित्तीय सलाह : बच्चों को सपने पूरा करने के लिए प्रेरित करें

नई दिल्ली। परिवार के मुखिया के तौर पर आप का दायित्व है कि बच्चों को अपने सपने पूरा करने के लिए प्रेरित करें। तभी आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा सही मायने में साकार होगी।यह बात सुंदर नटराजन, चीफ रिस्क ऑफिसर इंडियाफर्स्ट लाइफ ने कही। उन्होंने कहा कि वित्तीय योजना बनाने की यात्रा की शुरुआत एक दृष्टिकोण, एक स्वप्न से होती है। यहां पर हम अपने बच्चों के विषय में चर्चा कर रहे हैं जो आत्मविश्वास के साथ अपने घरों को छोड़ देते हैं और अपने सपने पूरे करते हैं। रोटी, कपड़ा और मकान जैसी जीवन की बुनियादी जरूरतों के बाद यह आवश्यक हो जाता है कि हम अपने लिए एक वित्तीय योजना तैयार करें। इसकी तैयारी एक कार्यसूची बनाकर की जा सकती है जिसमें संपत्ति, बैंक खातों, बीमा पालिसियों, पीएफ, एनपीएस, म्यूचुअल फंड से संबंधित म्मिदारियां, आय और व्यय के ब्यौरे दर्ज कर सकते हैं। जवाबदारी या जवाबदेही में होमलोन आते हैं जिसमें इएमआई के विषय में जानकारी शामिल होती है। वार्षिक बजट के बैलेंस शीट में बचतें इमरजेंसी फंड, निवेश, एसआईपी, आमदनी और खर्चे आदि दर्ज किए जा सकते हैं। यदि आप अपनी वित्तीय जिम्मेदारियां अकेले नहीं संभाल सकते हैं, तो किसी वित्त विशेषज्ञ से या किसी फाइनैंशियल प्लैनर की सलाह ले सकते हैं। जीवन में बीमारी के दौरान अस्पताल खर्च की चिंता किए बिना मजबूती से खड़े रहने के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य और मोटर दुर्घटना बीमा से पूरे जीवन की बचत को सुरक्षा मिलती है, जिसका उद्देश्य सपनों को पूरा करना और अप्रत्याशित आपातकाल में राहत देना है। अगर सावधिक बीमा पर्याप्त ढंग से करवाया गया है, तो परिवार के मुखिया के साथ आकस्मिक घटना होने पर उनके बच्चों की स्वतंत्रता पर कोई खास असर नहीं पड़ता वे अपनी उड़ानें भर सकते हैं। लोन या ऋण को समाप्त करना भी वित्तीय योजना के लिए जरूरी है। लोन की अवधि को कम करने का जबरदस्त लाभ लेते हुए लोन का पुनर्भुगतान करें। इंश्योरेंस का कवरेज जो मुख्य बकाया के साथ घटता रहता है उससे लंबी-अवधि वाले ऋण की सुरक्षा हो सकती है। अगर बच्चों को गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जाती है, तो वे सही और गलत का अंतर सुविधापूर्वक कर सकते हैं। इसके अलावा पहले से ही बच्चों को वित्तीय शिक्षा देना बहुत जरूरी होता है। इसके तहत बचपन से ही बैंक के खाते खोल देना या गुल्लक पिगीबैंक को उपहार स्वरूप देने से बचत की आदत में बढ़ोतरी होती है। बचत और निवेश को लेकर अनुशासन पैदा करना भी आवश्यक होता है। आपातकालीन फंड की स्थापना उसी तरह से करनी चाहिए जैसे कारोबारी लोग आपातकालीन फंड बनाकर करते हैं, परिवारों को 3 से 6 महीने की आय को निवेश के तहत अलग कर देना चाहिए। इससे अनदेखी चुनौतियों से निपटने में मदद मिलती है और दिमाग में शांति रहती है। इन सारी रणनीतियों को अपनाते हुए नियमित आधार पर इसका मूल्यांकन और लागू किया जाना चाहिए। कम से कम तिमाही आधार पर और वार्षिक समीक्षा होना बहुत आवश्यक होता है। इससे यह पक्का हो जाता है कि वित्तीय योजना प्रभावी ढंग से चल रही है। बच्चों को उनके सपनों को चुनने की आजादी दें।

विकास इकोटेक के प्रमोटर हिस्सेदारी बढ़ाएंगे

नई दिल्ली। प्लास्टिक और रबर उद्योगों के लिए स्पेशलिटी पॉलिमर और स्पेशलिटी एडिटिव्स और केमिकल्स कंपनी विकास इकोटेक के प्रमोटर विकास गर्ग 350 मिलियन रुपए की राशि से अधिक नहीं प्रीमियम पर अतिरिक्त हिस्सेदारी बढ़ाएंगे। प्रमोटर प्रिफरेंशियल इश्यू द्वारा प्रीमियम पर हिस्सेदारी बढ़ाएंगे। कंपनी प्रमोटर को प्रिफरेंशियल आधार पर प्रतिभूतियां, परिवर्तनीय उपकरण जारी करने के लिए 31 अगस्त को बोर्ड बैठक आयोजित करेगी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-2024 के भीतर 100 फीसदी ऋण मुक्त इकाई बनने का लक्ष्य रखा है। हाल ही में कंपनी ने लगभग 50 मिलियन रुपए का भुगतान किया, बैंक ऋण की कुल राशि लगभग 600 मिलियन रुपए तक कम हो गई और पीक से अब तक बैंक ऋण में कुल मिलाकर 1012 मिलियन की कमी आई है। विकास इकोटेक का उद्देश्य एक विश्वस्तरीय रिसर्च प्रयोगशाला स्थापित करना है जो अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करती है और एनएबीएल मान्यता प्राप्त है।

विकास लाइफ केयर की बैठक 31 अगस्त को

नई दिल्ली। रबर यौगिकों और एडिटिव्स के व्यापार और विनिर्माण कंपनी विकास लाइफ केयर के प्रमोटर विकास गर्ग 400 मिलियन रुपए की राशि से अधिक नहीं प्रीमियम पर अतिरिक्त हिस्सेदारी बढ़ाएंगे। प्रमोटर प्रिफरेंशियल इश्यू द्वारा प्रीमियम पर हिस्सेदारी बढ़ाएंगे। कंपनी तरजीही आधार पर प्रतिभूतिया, परिवर्तनीय उपकरण जारी करने के लिए 31 अगस्त को अपनी बोर्ड बैठक आयोजित करेगी। हाल ही में विकास लाइफकेयर ने घोषणा की कि वह प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को व्यापक बनाने और भविष्य की और अनूठी प्रोडक्ट लाइन में विविधता लाने, न्यू एज बिजनेसेज, कंपनी की मौजूदा व्यवसायिक लाइनों की सराहना करते हुए पूरक करने के उद्देश्य से आगे बढ़ाना, साथ ही इसने एमएसआर अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड सभी प्रकार के कपड़ा परिधान और कपड़े के सामान के निर्माण में लगी कंपनी की 98 फीसदी इक्विटी का अधिग्रहण किया, जो अपने मौजूदा प्रमोटरों और शेयरधारकों से कुल मिलाकर 125 मिलियन रुपए के नकद सौदे में ली गई, जिससे यह एक सहायक कंपनी बन गई।

डॉ. दीपिका को श्रीमती सुषमा स्वराज स्त्री शक्ति सम्मान

भोपाल। शिक्षा जगत की प्रेरणा और नारी सशक्तिकरण की मिसाल श्रीमती डॉ. दीपिका भंभानी को रीमती सुषमा स्वराज स्त्री शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया है। डा. दीपिका वर्तमान में पोदार वर्ल्ड स्कूल में अपनी सेवायें दे रही हैं। इन्होंने अपनी ईमानदारी और निष्ठा से शिक्षा को एक नई दिशा प्रदान की है। श्रीमती भंभानी को री थिंक इंडिया द्वारा यह सम्मान दिया गया। इस सम्मान में शिक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और नवीन दृष्टिकोण को मान्यता दी। नवीन शिक्षा प्रणाली ने स्कूल और उनके छात्रों के जीवन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया। पुरस्कार समारोह में समावेशी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण और शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला एवं स्कूल को नई दिशा देने और व्यक्तिगत विकास के एक संपूर्ण केंद्र में बदलने के पीछे वह एक प्रेरक शक्ति रही है।

11वां मोंटफोर्ट कप इंटर स्कूल प्रतियोगिता

भोपाल। सेंट मॉटफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में 11वां मोंटफोर्ट कप इंटर स्कूल इनक्वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एवं मंच संचालन श्रीमती डॉ. सोनिया सुजीश एवं तकनीकी गतिविधियों का संचालन गार्गी चट्टोपाध्याय द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में सेंट मॉटफोर्ट स्कूल सहित नगर के छह विद्यालयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 12 प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट भागीदारी दर्ज की। यह प्रतियोगिता कक्षा 6वीं से 8वीं के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई। प्रतियोगिता में क्रमशः विभिन्न चरणों जैसे सामाजिक क्षेत्र अंतर्दृष्टि क्षेत्र एवं पहेलियां आदि प्रक्रिया से गुजरते हुए छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्तम कोटि का प्रदर्शन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जवाहरलाल नेहरू स्कूल भोपाल ने हासिल किया। द्वितीय स्थान पर सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर भोपाल, तृतीय स्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल कोलार रोड भोपाल रही। विद्यालय के असिस्टेंट हेड बॉय मास्टर आधार मुंशी ने अपनी आभार व्यक्त किया।

ऋण विस्तार करना बैंक की सर्वोच्च प्राथमिकता : मोंगिया

भोपाल। आरएएम मतलब रिटेल, एग्रीकल्चर एवं एमएसएमई गतिविधियों के अंतर्गत ऋण विस्तार करना बैंक की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। यह बात पंजाब एंड सिंध बैंक के फिल्ड महाप्रबंधक प्रवीण कुमार मोंगिया ने बैंक की ऋषि नगर, चार ईमली शाखा के शुभारंभ अवसर पर कही। मोंगिया पंजाब एंड सिंह बैंक की नई शाखा का शुभारंभ करने भोपाल आए थे। मोंगिया ने मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 38 शाखा प्रबंधक के साथ व्यवसाय समीक्षा बैठक एवं टाउनहॉल बैठक को भी संबोधित किया। बैंक के भोपाल अंचल के आंचलिक प्रबंधक अवधेश नारायन सिंह द्वारा बैंक के नवीनतम व्यवसायिक आकड़ों का खुलासा करते हुए बताया गया कि एक अप्रैल 2023 से लेकर 25 अगस्त 2023 तक 150 करोड़ रुपए राशि के ऋण स्वीकृति किए गए हैं। हमारे बैंक का सीडी रेशियो 53 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में हम मध्य प्रदेश में 10 नई शाखाओं का विस्तार कर रहे हैं। बैंक ने ग्राहक सेवा और सुलभ बनाने के लिए व्हाट्सएप बैंकिंग, पीएसबी यूनिक एप, कॉरपोरेट बीसी जैसे कदम उठाए हैं। हमारे बैंक के नए एटीएम लगाए जा रहे हैं। पीएसबी सैलरी उड़ान योजना सैलरी खातो के लिए है जिसके अंतर्गत 40 लाख रुपए तक की बीमा राशि कवर है। पीएसबी ईप्लेज, एग्री इन्फ्रास्ट्रक्चचर वेयरहाउस योजनाएं भी हैं। इस अवसर पर लाल सिंह, देवेंद्र जैन, संतोष जैन, संदीप सूद, अविनाश कक्कर जैसे ग्राहकों द्वारा पंजाब एंड सिंध बैंक की कार्यशैली की सराहना की गई।

लिवर क्लिनिक व आईसीयू शुरू करने की घोषणा

भोपाल। मैरिंगो सिम्स अस्पताल ने अत्याधुनिक लिवर आईसीयू और लिवर क्लिनिक शुरू करने की घोषणा की है। लिवर आईसीयू अनुरूप चिकित्सा सुविधाओं की अनिवार्यता का प्रमाण है। यह लिवर से संबंधित जटिलताओं से उत्पन्न अद्वितीय चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करता है, साथ ही प्रत्यारोपण से पहले और प्रत्यारोपण के बाद की देखभाल में शामिल जटिलताओं को भी संबोधित करता है। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रक्तस्राव वाले मरीजों के इलाज और समय पर एंडोस्कोपिक और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी प्रक्रियाएं प्रदान करने के लिए एक विशेष रूप से सुसज्जित आईसीयू बनाया गया है। यह नियमित कार्डियो पल्मोनरी निगरानी के साथ अंतिम चरण के लीवर रोगों वाले मरीजों को उपचार प्रदान करने के लिए भी सुसज्जित है। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल के लिवर ट्रांसप्लांट जीआईएचपीबी सर्जरी के निदेशक डॉ. पुनित सिंगला और मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल अहमदाबाद-एचपीबी सर्जरी और लीवर ट्रांसप्लांट इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. विकास पटेल शामिल हुए थे।

रक्षाबंधन पर उपहार के ढेरों विकल्प पेश

भोपाल। वन स्टॉप शॉपिंग सॉल्यूशन अमेजन डॉटइन ने रक्षाबंधन पर भाई-बहन के लिए उपहार के कई ढेरों विकल्प प्रस्तुत किए हैं। ये उपहार राखी के त्योहार को वास्तव में यादगार बना देंगे। अमेजन प्राइम की वार्षिक मैंबरशिप ढेर सारे लाभ प्रदान करती है। यहां पर 40 लाख से अधिक उत्पादों की फ्री और सुपरफास्ट वन-डे डिलीवरी, को-ब्रांडेड आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड के साथ असीमित पांच फीसदी कैशबैक, ढेरों प्राइम बेनेफिट्स उपलब्ध हैं। यहां पर मैंबरशिप के साथ प्राइम वीडियो, अमेजन म्यूजिक, प्राइम रीडिंग और प्राइम गेमिंग के साथ ब्लॉकबस्टर मनोरंजन का भी मजा ले सकते हैं। स्मार्टवॉचेज और एक्सेसरीज के साथ अपने भाई-बहनों का हरपल फैशनेबल बना सकते हैं।

जेड ब्लैक ने मन की शांति का महत्व बतलाया

नई दिल्ली। अगरबत्ती ब्रांड जेड ब्लैक ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी पर आधारित जेड ब्लैक 3-इन-1 प्रीमियम अगरबत्ती के लिए अपने नवीनतम विज्ञापन कैम्पेन पेश किया है। कैम्पेन का उद्देश्य संतुलित और पूर्ण जीवन के लिए दैनिक प्रार्थनाओं को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के महत्व पर जोर देना है। कैंपन छह वर्षों से ब्रांड एंबेसडर के रूप में एमएस धोनी के साथ निरंतर सहयोग लोगों को एक ऐसे काम के लिए विचार करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहता है, जो आंतरिक शांति और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देता है। मन की शांति कैंपन हर दिन की प्रार्थनाओं के मूल्य पर ध्यान खींचने की दिल से कोशिश है। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस और जेड ब्लैकके निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा, कैंपेन में धोनी अपनी बेटी के साथ मन की शांति के लिए नियमित प्रार्थना के महत्व पर जोर देते हैं।

भाला फेंक : नीरज ने भारत को बनाया वर्ल्ड चैंपियन, चोपड़ा वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय



एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने फिर इतिहास रच दिया और विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने पुरूषों की भालाफेंक स्पर्धा में 88.17 मीटर के थ्रो के साथ यह उपलब्धि हासिल की। भारत के किशोर जेना पांचवें स्थान पर रहे जिन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 84.77 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। वहीं डी पी मनु छठे स्थान पर रहे जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 84.14 मीटर का था। विश्व चैम्पियनशिप में यह पहली बार हुआ है कि शीर्ष आठ में तीन भारतीय रहे हों। 25 वर्ष के चोपड़ा ने पहला प्रयास फाउल रहने के बाद दूसरे में आज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। इसके बाद उन्होंने 86.32 मीटर, 84.64 मीटर, 87.73 मीटर और 83.98 मीटर के थ्रो फेंके।

पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत और चेक गणराज्य के याकूब वालेश ने कांस्य पदक जीता जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 86.67 मीटर का था। निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद एक ही समय पर ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले चोपड़ा दूसरे भारतीय बन गए। अब चोपड़ा के नाम खेल के सारे खिताब हो गए हैं। उन्होंने एशियाई खेल (2018), राष्ट्रमंडल खेल (2018) स्वर्ण के अलावा चार डायमंड लीग खिताब और पिछले साल डायमंड लीग चैंपियन ट्रॉफी जीती। वह 2016 में जूनियर विश्व चैंपियन रहे और 2017 में एशियाई चैंपियनशिप खिताब जीता।

नीरज ने रचा इतिहास

एक ही समय पर ओलंपिक और विश्व खिताब जीतने वाले वह तीसरे भालाफेंक खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी और नॉर्वे के आंद्रियास टी यह कारनामा कर चुके हैं। जेलेज्नी ने 1992, 1996 और 2000 में ओलंपिक खिताब जीते जबकि 1993, 1995 और 2001 में विश्व चैम्पियनशिप जीती थी। आंद्रियास ने 2008 ओलंपिक और 2009 विश्व चैम्पियनशिप जीते थे।

फाइनल में भारतीयों का प्रदर्शन

थ्रोअर	पहला थ्रो	दूसरा थ्रो	तीसरा थ्रो	चौथा थ्रो	पांचवां थ्रो	छठा थ्रो
नीरज चोपड़ा	फाउल	88.17 मी	86.32 मी.	84.64 मी.	87.73 मी.	83.98 मी
डीपी मनु	78.44 मी	फाउल	83.72	फाउल	83.48 मी.	84.14 मी
किशोर जेना	75.70 मी.	82.82 मी.	फाउल	80.19 मी.	84.77 मी.	फाउल

नीरज के स्वर्ण

साल	टूर्नामेंट	पदक
2016	जूनियर विश्व चैंपियनशिप	स्वर्ण
2016	दक्षिण एशियाई खेल	स्वर्ण
2018	एशियाई खेल	स्वर्ण
2018	राष्ट्रमंडल खेल	स्वर्ण
2020	टोक्यो ओलंपिक	स्वर्ण
2022	डायमंड लीग	स्वर्ण

नीरज ने की बिंद्रा की बराबरी

नीरज ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय दिग्गज निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के ऐतिहासिक रिकॉर्ड की बराबरी कर लिए। अभिनव ने ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप दोनों ही टूर्नामेंट के व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते थे और वो ऐसा करने वाले पहले भारतीय हैं। बिंद्रा 2008 ओलंपिक में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने 2006 की वर्ल्ड चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भी स्वर्ण जीता था।

पांचवें स्थान पर रही भारतीय पुरुष रिले टीम

एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहली बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली भारत की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम फाइनल में पांचवें स्थान पर रही। भारत के मोहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल वारियाथोडी और राजेश रमेश की चौकड़ी ने फाइनल में दो मिनट 59.92 सेकंड का समय निकाला। अमेरिकी टीम को स्वर्ण, फ्रांस को रजत और ब्रिटेन को कांस्य पदक मिला जबकि जमैका की टीम चौथे स्थान पर रही। इससे पहले भारतीय टीम ने शनिवार को पहली हीट (क्वालीफाईंग रेस) में अमेरिका (2:58.47) के बाद दूसरा स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई थी। प्रत्येक दो हीट में से शीर्ष तीन पर रहने वाली और अगली दो सबसे तेज रहने वाली चौकड़ी ही फाइनल में पहुंचती है। एशियाई रिकॉर्ड दो मिनट 59.51 सेकंड का था जो जापान की टीम के नाम था। भारतीय टीम ने 59.05 सेकंड के अंतर से यह रिकॉर्ड तोड़ा था। इससे पहले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 2021 में 3:00.25 के समय से बना था।

खबर संक्षेप

जीत से एशिया कप में मिलेगी मदद

कोलंबो। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम का मानना है कि अफगानिस्तान के खिलाफ एक दिवसीय श्रृंखला में 3-0 से मिली एकतरफा जीत टीम को प्रेरित करने के साथ बुधवार से शुरू हो रहे एशिया कप से पहले जरूरी लय प्रदान करेगी। एशिया कप का आयोजन 30 अगस्त से श्रीलंका और पाकिस्तान में होगा। एशिया कप से पहले पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए एकदिवसीय श्रृंखला में 3-0 से सूपड़ा साफ किया।

टीम इंडिया के मुख्य कोच होंगे लक्ष्मण

नई दिल्ली। एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप के बीच में एशियन गेम्स खेले जाएंगे। चीन के हांग्जो में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले एशियन गेम्स में भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीम पहली बार भाग लेने जा रही है। एशियन गेम्स के लिए वो प्लेयर चीन नहीं जा पाएंगे, जिन्हें भारत में होने वाले वर्ल्ड कप की टीम में चुना जाएगा। चूंकि भारतीय पुरुष टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ वर्ल्ड कप में व्यस्त रहेंगे। इसलिए एशियन गेम्स के लिए वीवीएस लक्ष्मण को पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी मिलने जा रही है। इसके अलावा साईराज बहुतुले बॉलिंग कोच और मनीष बाली फील्डिंग कोच की जिम्मेदारी निभाएंगे।

विश्व में लोकप्रिय

वनडे विश्व कप में 17 बल्लेबाज कश्मीरी बल्लों से खेलेंगे बड़े शॉट

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

वनडे विश्वकप में बल्लेबाज कश्मीरी बल्लों से खेलते दिखाई देंगे। पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप में कश्मीरी बल्लों का इस्तेमाल 17 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर करेंगे। कश्मीर विलो के यह बल्ले जीआर8 स्पोर्ट्स कंपनी बनाती है। पहले यह बल्ले केवल घरेलू क्रिकेट में ही इस्तेमाल होते थे।

कश्मीर विलो से बने बल्ले की गुणवत्ता और मजबूती के कारण यह विश्व में लोकप्रिय हो रहे हैं। इन बल्लों से बल्लेबाज लंबे छक्के और चौके लगाने के मकसद से भी उतरते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इन बल्लों का इस्तेमाल

होना क्रिकेट में कश्मीर की असाधारण शिल्प कौशल और प्रतिभा को दर्शाता है। यह बल्ले बनाने वाली कंपनी के मालिक फवजल कबीर ने कहा कि हम यह बल्ले श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान को देते हैं। इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), वेस्टइंडीज और ओमान के बल्लेबाजों ने जिंबाब्वे में विश्वकप क्वालिफायर्स में कश्मीर विलो के बल्लों का इस्तेमाल किया था।

भारत ने टेंट पेगिंग वर्ल्ड कप में जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| जॉर्ज

भारत की पांच सदस्यीय टेंट पेगिंग टीम ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित विश्व कप में तीसरा स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया। टेंट पेगिंग घुड़सवारी के मान्यता प्राप्त 10 खेलों में से एक है। इसमें घुड़सवार का उद्देश्य भाले या तलवार की मदद से मैदान पर रखे सामान (रिंग, नींबू या लकड़ी के चौकोर टुकड़े) को भेद कर लक्ष्य की ओर ले जाना होता है।

टेंट पेगिंग का यह चौथा विश्व कप है और टूर्नामेंट में इतिहास में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय टेंट पेगिंग टीम इससे पहले के दो सत्र में छठे और सातवें स्थान पर रही थी। तीन दिनों तक चले इस प्रतियोगिता के लिए नौ देशों ने क्वालीफाई किया था।

भारतीय टीम कोच कर्नल एसएस सोलंकी के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता के पहले दिन चौथे स्थान पर थी। टीम दूसरे दिन इसमें सुधार कर तीसरे स्थान पर पहुंची और तीसरे दिन अपने इस स्थान का बचाव करने में सफल रही। भारतीय टीम के लिए दिनेश गंगाराम कार्लेकर ने चार, मोहित कुमार छह, अमित छेत्री 12, मोहम्मद अबरार ने 31 और गौतम कुमार आत्मा ने 38 अंक बनाए।

■ पीठ की चोट को लेकर भारतीय बल्लेबाज ने किया खुलासा

चोट : कॅरियर को लेकर चिंतित हो गए थे अय्यर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पीठ की चोट से जूझने वाले भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का दर्द अक्सर असहनीय हो जाता था और जब दर्द कम होने का नाम नहीं लेता था तो वह अपने करियर को लेकर चिंतित हो जाते थे।

ऑपरेशन करवाने से पहले अय्यर दर्द से इतना परेशान हो जाते थे कि वह खुद नहीं समझ पा रहे थे कि वह किस दौर से गुजर रहे हैं। यह 28 वर्षीय बल्लेबाज अब चोट से उबर गया है और उन्होंने एशिया कप के लिए भारतीय टीम में वापसी की है। अय्यर ने चोट के दिनों के अपने संघर्ष को याद करते हुए बीसीसीआई से कहा, ''यह वास्तव में स्लिप डिस्क था जिससे मेरी तंत्रिका दब

रही थी और दर्द पांव की छोटी उंगली तक जा रहा था। यह भयावह दौर था। यह असहनीय दर्द था और मैं समझ नहीं पा रहा था कि मैं किस दौर से गुजर रहा हूं।मैं उस स्थिति में पहुंच गया था जहां मुझे अहसास हुआ कि अब मुझे ऑपरेशन करवाना ही होगा। फिजियो और विशेषज्ञों ने मुझसे कहा कि ऑपरेशन करवाना बेहद जरूरी है। ईमानदारी से कहूं तो टीम में शामिल होकर और चारों तरफ खुशनुमा चेहरे देखकर बहुत खुशी हो रही है और मैं वापसी करके रोमांचित हूं।'

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष कपूर ने किया बखान

शतरंज के 'स्वर्ण युग' में प्रवेश कर चुका भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष संजय कपूर ने कहा कि भारतीय शतरंज 'स्वर्ण युग' में प्रवेश कर चुका है और देश में दो साल के अंदर 100 से भी अधिक ग्रैंडमास्टर होंगे। भारतीय शतरंज की बात की जाए तो इसमें वर्षों तक पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद का दबदबा रहा है। लेकिन पिछले दशक में इसमें बदलाव आया है क्योंकि आर प्रज्ञानानंदा, डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी जैसे युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर काफी तेजी से प्रगति कर रहे हैं।

कपूर ने कहा, 'पहले एक ही खिलाड़ी विशी (आनंद) था लेकिन मेरा मानना है कि अब भारत में शतरंज का स्वर्ण युग शुरु हो गया है। आनंद खेल के दिग्गज खिलाड़ी हैं। वह भारतीय शतरंज का चेहरा हैं। लेकिन अब हमारे पास कई चेहरे होंगे जो भारतीय शतरंज के लिए बहुत अच्छा

होगा। भारत को अपना 83वां ग्रैंडमास्टर इस साल जुलाई में आदित्य सामंत के रूप में मिला और कपूर का कहना है कि कि देश को जल्द ही अपना 100वां ग्रैंडमास्टर मिलेगा। उन्होंने कहा, 'कई पुरुष और महिला खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। हमारे पास अभी 83 जीएम हैं और दो साल में हमारे पास कम से कम 100 या 100 से ज्यादा ग्रैंडमास्टर हो जाएंगे।'

प्रज्ञानानंदा ने रचा इतिहास

प्रज्ञानानंदा ने हाल में फिडे विश्व कप में रजत पदक के प्रदर्शन के दौरान दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा और तीसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारूना को पराजित किया। वह फाइनल में खेलने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए और साथ ही कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले तीसरे युवा खिलाड़ी भी बने। यह पहली बार था जब चार भारतीय खिलाड़ियों प्रज्ञानानंद, गुकेश, एरिगेसी और विदित गुजराती ने विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले साल भारत ने ओलंपियाड की सफल मेजबानी के दौरान पुरुष और महिला दोनों वर्गों में कांस्य पदक जीता था।

विश्व कप में दमदार प्रदर्शन के लिए नीदरलैंड को भारत में लगे शिविर और अभ्यास मैचों से भरोसा

नीदरलैंड की टीम पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे एकदिवसीय विश्व कप के लिए सितंबर के मध्य में भारत में शिविर लगाने के साथ स्थानीय टीमों के साथ कुछ अभ्यास मैच खेल कर अपनी तैयारियों को पुख्ता करेगी। विश्व कप के क्वालीफाइंग चरण में वेस्टइंडीज जैसी कुछ बड़ी टीमों को पछाडने वाले नीदरलैंड के कोच रेयान कुक को उम्मीद है कि भारत में पहले पहुंच कर अभ्यास शिविर लगाने से टीम को फायदे की स्थिति में रहेगी। बेंगलुरु में शिविर लगाने के बाद यह टीम विश्व कप से पहले तिरुवनंतपुरम में अभ्यास मैचों में भारत और ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। कुक ने शनिवार को मीडिया से कहा, हम अपनी तरफ से पुरजोर तैयारी कर रहे है। भारत में खिलाड़ी शिविर में समय बितायेंगे और फिर कुछ अभ्यास मैच होंगे। हमें उम्मीद है कि यह टूनार्मेंट के दौरान टीम के लिए मददगार होगा। विश्व कप शुरू होने के बाद हर खिलाड़ी का मकसद उसमें अच्छा प्रदर्शन करना होगा। नीदरलैंड की टीम ने जुलाई में क्वालीफाइंग मुकाबलों के बाद एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है जिससे बड़े टूनार्मेंट से पहले उनकी तैयारी प्रभावित हो रही है। नीदरलैंड 1996 और 2011 में भारत में हुए विश्व कप का हिस्सा था लेकिन टीम इन दोनों सत्रों में एक भी मैच जीतने में सफल नहीं रही। टीम के कप्तान स्कॉट एडवर्ड हालांकि इतिहास को ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहते है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि अतीत को याद करने की जरूरत है। आपके पास अब बिलकुल नयी टीम है। हम इसे टीम के नजरिये से देख रहे है। हमें लगता है कि इस टीम ने पिछले दो साल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। विश्व कप लीग चरण में नीदरलैंड का मुकाबला भारत, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे टीमों से होगा जिसमें विश्व स्तरीय स्पिन गेंदबाज है।

संत हमें अच्छा ही पढ़ाते हैं

फिर से पढ़ने के लिए नहीं बल्कि पढ़ाने के लिए। इसी प्रकार से संसार के अंदर कुछ ऐसे भी संत होते हैं जो संसाररूपी विद्यालय में इसलिए रहते हैं ताकि वे जनता को कुछ पढ़ा सकें, आत्मज्ञान प्रदान कर सकें। हमारा तो यह सिद्धांत है भाई कि- कि जब पहाड़ मोहम्मद के पास नहीं आते हैं तो मोहम्मद पहाड़ों के पास जाता है। जब जनता विस्मृति को प्राप्त होकर महापुरुषों के पास नहीं जाती है तो महापुरुष जनता के बीच में जाकर जगह-जगह वह आत्मज्ञान का कैम्प लगाते हैं और ज्ञानरुपी दवाई देकर अज्ञानरूपी महामारी को समाप्त करते हैं। अगर सारे स्कूल के शिक्षक बोलना छोड़ दें, अगर वे मौन व्रत ले लें तो बच्चों को कौन पढ़ायेगा। शिक्षा जो है वह शिक्षकों के मुंह के द्वारा जीवित रहती है। ऐसे ही ज्ञान, संतों के हृदय में जीवित रहता है, संत अगर ज्ञान का प्रचार करना छोड़ देंगे तो ज्ञान प्रचलित नहीं रहेगा। इसलिए ज्ञान को प्रचलित रखने के लिए, कलिकाल को सतयुग में परिणित करने के लिए संतलोग ज्ञान का प्रचार करते हैं। जहां पर यह ज्ञान भवसिंधु को सुखा सकता है तो वह युग को भी बदल सकता है। युग को बदलने के लिए हमें पेड़, जमीन और आकाश को नहीं बदलना है, बदलना है मानव के हृदय को, हृदय-परिवर्तन ही सच्चे सतयुग की आधारशिला है। नारद ने रत्नाकर को क्य दिया कि वे वाल्मीकि बन गये, भगवान बुद्ध ने अंगुलिमाल का कौन-सा ऑपरेशन किया कि वह एक भिक्षुक बन गया? उन्होंने ज्ञान देकर हृदय को बदला और उन्हें भी महान बना दिया। संतों का जो क्षेत्र है, वह मानव का हृदय है जिसे ज्ञान के द्वारा वे बदल देते हैं। हमारे संतों ने भी कहा कि इन भौतिक नेत्रों से रोशनी को कोई देख नहीं सकता है, परेशानी से प्रकाशित चीजें अवश्य नजर आती हैं। सूर्य अपने प्रकाश से चंद्रमा को प्रकाशित करता है, पर जो किरणें सूर्य से चलकर चंद्रमा को प्रकाशित करती हैं, हमारी पृथ्वी की चीजों को प्रकाशित करती हैं, उन किरणों को हम देख नहीं सकते हैं।

सतपाल जी महाराज

परचे को जेब में डालने से बात नहीं बनेगी

आपने अपने आपको चैकअप कराया, रोग बताया, सिम्टम्स उसने देखे, पूरा डायग्नोसिस करके उसने पर्ची के ऊपर प्रेस्क्रप्शन दे दिया, दवाई बना दी कि ये दवाई आप खाओ। अब मैं यह कहती हूं कि डाक्टर कितना ही सयाना हो, उसकी रैफर की हुई दवाइयां कितनी ही बढ़िया कंपनी की क्यों न हों और आप पर्चे को ले लो, जेब में डाल लो, तो ठीक हो जाओगे? खाली पर्चे से ठीक हो जाओगे? खाली पर्चे से आप ठीक नहीं होते। इस प्रेस्क्रप्शन लैटर को कैमिस्ट को दिखाइए, दवा लीजिए, दवा खाइए और दवा के साथ-साथ परहेज भी करिए, तो उसका काम होता है। ऐसे ही श्रीमद्भगवद्गीता, रामायण, गुरु ग्रंथ साहिब, ये सारी बाणियां प्रेस्क्रप्शन हैं। आपके रोगों का उपचार आपकी दवाइयां हैं। इनको खाली छाती से लगाकर न रखो। जो दवा वह कह रहे हैं, उस दवा को खाओ भी।

गुरु मां

पढ्या नहीं भेद बुझया पावना

बूझो, समझो, फिर करो। जो जप से अगली सीढ़ी सुमिरन की है और सुमिरन में स्थिति कैसी होगी? सुमिरन में स्थिति ध्यान के माध्यम से होगी। ध्यान कैसे पता चले? ध्यान पता चले, जब कोई ध्यान क्या है, यह बताए। आप अपने मन को जोर-जबर्दस्ती से कंट्रोल नहीं कर सकते हैं।आज सुबह बीएसएफ के जो आईजी हैं, वह बैठे थे। वह मेरे से कहने लगे कि एकाग्रता तो बड़ी मुश्किल बात है। ध्यान तो बड़ी मुश्किल बात है, वह तो होता ही नहीं है, वह तो हो ही नहीं सकता है। मैंने उनसे कहा-मुझे यह बताइए कि कोई आदमी डीआईजी या आईजी बनता है, तो कोई भी सड़क चलता आदमी आपको कहे मैं भी डीआईजी बनूंगा, बनाओ। बना दोगे उसको? कहते, ऐसा थोड़े होता है।

बाइबल की कहानियां

जोनाह काम करने को हो गया तैयार

जोनाह ईश्वर के दिए हुए कार्य को करने के लिए राज़ी हो जाता है लेकिन इसपर विचार करने के बाद वह सोचने लगता है की वह यह कार्य नहीं करेगा। जोनाह को ईश्वर द्वारा दिए गए कार्य को करने की इच्छा नहीं थी और वह सोचने लगा की निनेवेह के लोग अच्छे नहीं है और वें उसकी बात नहीं सुनेंगे। अब जोनाह खुदको ईश्वर से छुपाना चाहता था इसके लिए वह निनेवेह के विपरीत दिशा की ओर चलता है। वह जोप्पा सहर में जा पहुंचता है जहां उसे एक जहाज दिखाई देती है। वह जहाज के मालिक से पूछता है यह जहाज कहां जा रहा है । यह जहाज पड़ोस के सहर जा रहा है। जहाज के मालिक ने जोनाह से कहा। अब जोनाह जहाज़ के मालिक से विनती करने लगता है की उसे जहाज़ में थोड़ी सी जगह दे दी जाए इसके लिए वह ज़्यादा रकम चुकाने को भी तैयार था। जहाज़ का मालिक जोनाह को अपने साथ ले जाने को राज़ी हो जाता है। जोनाह जहाज में जाकर जहाज़ के निचले हिस्से में सो जाता है। अब जहाज अपने मंजिल की ओर रवाना करती है।

जोनाह का छुपना

थोड़ी देर बाद ही एक तूफान जहाज़ को घेर लेता है। तुफान धीरे-धीरे बधने लगता है और जहाज़ में बैठे हुए लोग इस बात से डरने लगते हैं कि वह जहाज़ डूब जाएगा और सब मारे जाएँगे। डर कर लोग ईश्वर से प्रार्थना करने लगते हैं, ईश्वर हमें तुफान से बचाओ। हम आपसे विनती करते है कि आप हमें बचाएं। यह सब देख जोनह आकर सबसे कहता है, मेरे मित्रों ईश्वर मुझे सज़ा दे रहा है।

बहनें कैसे सजाएं राखी की पवित्र थाली

हिंदू पंचांग के अनुसार रक्षाबंधन सबसे लोकप्रिय त्योहारों में से एक है। इस दिन बहनें अपने भाई के हाथ में राखी बांधती हैं और जिंदगी भर अपनी रक्षा करने का वचन मांगती है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, रक्षाबंधन श्रावण मास के शुक्ल पक्ष महीने के आखिरी दिन पड़ता है। 2023 में रक्षाबंधन 30 अगस्त और 31 अगस्त को मनाया जाएगा। रक्षाबंधन के दिन बहन पूजा की थाली सजा कर अपने भाई की आरती उतरती है। लेकिन ज्योतिष शास्त्र के अनुसार राखी की थाली में इन चीजों के होने से मां लक्ष्मी के आशीर्वाद के साथ भाई को दिर्घायु की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं कि राखी की थाली में किन चीजों को शामिल करना जरूरी है और इससे क्या लाभ होता है।

अक्षत : पूजा के चावल को अक्षत कहा जाता है जो कि बिना टूटे हुए सफेद चावल होते हैं। चावल को छोटी कटोरी में रख सकते हैं। पूजा के दौरान माथे पर तिलक के बाद अक्षत लगाया जाता है।

रोली : रोली को भी चावल के साथ एक छोटी कटोरी में रखें। माथे पर तिलक के लिए रोली का प्रयोग किया जाता है।

रक्षाबंधन की रस्म भी माथे पर रोली के तिलक से ही शुरू होती हैं। रोली हल्दी और चूना को मिलाकर बनाई जाती है और इसे कुमकुम भी कहा जाता है।

नारियल : सनातन धर्म में नारियल देवी-देवताओं का फल माना जाता है। हर शुभ काम में इसका इस्तेमाल किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि राखी बांधते समय नारियल का इस्तेमाल करने से भाई के जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

कलश : पूजा की थाली में ताजे पानी से भरा एक छोटा कलश रखें। राखी के दिन बहन पूजा की थाली में तांबे के लोटे में जल और चंदन रखें। तो इससे घर में देवी-देवताओं का आशीर्वाद बना रह सकता है और भाई के ऊपर कभी किसी प्रकार का कोई संकट नहीं आएगा।

रक्षा पोटली : रक्षा पोटली को कलाई पर बांधना चाहिए। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, यह रक्षा पोटली ही थी जो भगवान इंद्र की कलाई पर बांधी गई थी। रक्षा बंधन के लिए कई उपहार थालियों में पोटली भी शामिल है लेकिन यह छोटी नारियाल से भरी होती है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार रक्षा पोटली चावल, सफेद सरसों और सोने (या सोने के धागे) से भरी होनी चाहिए।

दीपक : दीपक सकारात्मकता और प्रकाश का संचार करता है। वहीं रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर दीपक जलाकर भाई की आरती उतारें। इससे भाई-बहन का प्रेम हमेशा पवित्र बना रह सकता है।

मिठाई : राखी के शुभ अवसर पर बहन की थाली में मिठाई जरूर होना चाहिए। भाइयों को तिलक और रक्षा सूत्र के बाद मिठाई खिलाई जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भाई को मिठाई खिलाने से रिश्ते में मिठास बनी रहती है।

विद्या के महत्व पर ध्यान जरूर दें

महर्षि दयानन्द सरस्वती

सत्यार्थ प्रकाश

आर्य समाज का महान ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश जिसके रचयिता स्वामी दयानंद सरस्वती जी हैं, में जीवन को सही दिशा में ले जाने के सूत्र हैं और अगर इंसान इसे पढ़े और इसकी शिक्षाओं पर चले तो मानव का कल्याण तो होगा ही बल्कि समाज में भी कुरीतियां दूर होंगी और नैतिक संस्कारों का उजाला होगा। पाठकों की भारी मांग पर इसे प्रस्तुत किया जा रहा है।

एक-एक दश-दश सहस्त्र ग्रामों पर दो सभापति वैसे करें जिनमें एक राजसभा में, दूसरा अध्यक्ष आलस्य छोड़कर सब न्यायाधीशादि राजपुरुषों के कामों को सदा घूमकर देखते रहें॥ बड़े-बड़े नगरों में एक-एक विचार करनेवाली सभा का सुंदर उच्च और विशाल जैसा कि चंद्रमा है वैसा एक-एक घर बनावें, उसमें बड़े-बड़े विद्यावृद्ध कि जिन्होंने विद्या से सब प्रकार की परीक्षा की हो वे बैठकर विचार किया करें, जिन नियमों से राजा और प्रजा की उन्नति हो वैसे-वैसे नियम और विद्या प्रकाशित किया करें॥ जो नित्य घूमने वाला सभापति हो उसके आधीन सब गुप्तचर अर्थात दूतों को रखें जो राजपुरुष और भिन्न-भिन्न जाति के रहें। उनसे सब राज और प्रजापुरुषों के सब दोष और गुण गुप्तरीति से जाना करें। जिनका अपराध हो उनको दंड और जिनका गुण हो उनकी प्रतिष्ठा सदा किया करें॥ राजा जिनको प्रजा की रक्षा का अधिकार देवे वे धार्मिक सुपरिक्षित विद्वान कुलीन हों, उनके आधीन प्रायः शठ और परपदार्थ हरने वाले चोर-डाकुओं को भी नौकर करके उन्हीं रक्षा करने वाले विद्वानों के स्वाधीन करके उनसे इस प्रजा की रक्षा यथावत करें।

जो राजपुरुष अन्याय से वादी प्रतिवादी से गुप्त धन लेके पक्षपात से अन्याय करे उसका सर्वस्व हरण करके यथायोग्य दंड देकर ऐसे देश में रखें कि जहां से पुनः लौटकर न आ सके, क्योंकि यदि उसको दंड न दिया जाए तो उसको देख के अन्य राजपुरुष भी ऐसे दुष्ट काम करें और दंड दिया जाए तो बचे रहें, परंतु जितने से उन राजपुरुषों का योगक्षेम भलीभांति हो और वे भलीभांति धनाढ्य भी हों उतना धन वा भूमि राज्य की ओर से मासिक व वार्षिक अथवा एक वार मिला करे और जो वृद्ध हों उनको भी आधा मिला करे।

श्रीराम को समझाने की कोशिशें

रामायण

राम को समझाया। राम को समझाकर रखने की दशरथ जी ने पूरी कोशिश की। पर वे असमर्थ रहे। राम से एक प्रश्न पूछा, राघव, वशिष्ट जी के साथ मैंने वेदान्त की चर्चा की है। वशिष्ट जी बार-बार कहते थे कि जो कर्म करे वो ही भोगे। पर राम एक जवाब दो।

मोरारी बापू जी

और करै अपराधु कोऊ, और पाप फल भोग।
अति विचित्र भगवन्त गति, का जग जाने लोग।

भगवंत की गति विचित्र है। आज अपराध कोई करे। फल कोई और भोगे। लक्ष्मण जी ने चरण स्पर्श किए तो अवधेश मूर्छित हो गये।

कैकेयी मां ऐसे बोलीं, ''राम सूर्य काफी चढ़ आया है। अब आपको जाना चाहिए। इतना ही नहीं कैकेयी मां ने मुनियों के वस्त्र-वल्कलादि दिये। और जब कैकेयी के दिय वल्कल राम ने पहने तो सुमंत जी खंभा पकड़कर रो पड़े कि कैकेयी अब तो हद हो गई। महात्माओं का मत है कि राम ने वल्कल पहने उनके साथ ही लक्ष्मण जी ने भी वल्कल पहने। पर तुलसी जी सीताजी पर स्पष्टता प्रस्तुत नहीं करते। कुछ मत ऐसे हैं कि सीता जी को वल्कल पहलाने को नहीं दिये। कैकेयी मां बोलीं कि सीता आप भी वल्कल पहन लो तब एक मत ऐसा है कि उस समय वशिष्ठ जी वहां आये उन्होंने कैकेयी मां से कहा, ''कैकेयी वनवास राम का है सीता का नहीं सीता राम के कदम-कदम पर आर्यानारी का दीप प्रकट करने जा रही हैं। कैकेयी यदि तूने सीता को वल्कल पहनाये तो मैं अयोध्या को जला दूंगा।'' वशिष्ठ की ऐसी धमकी के बाद कैकेयी मां ने सीता को वल्कल पहनाने से रोका। जो भी हो सबके भिन्न-भिन्न अभिप्राय हैं। आप विचार करिये कि जिस दिन राजपोशाक पहननी थी उस दिन वल्कल पहने। इसका नाम जीवन है।

वास्तु में पेड़-पौधों का भी बड़ा महत्व

वास्तु शास्त्र के अनुसार, पेड़-पौधों का प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है। इसलिए वास्तु कहता है कि पेड़-पौधों को लगाने से पहले वास्तु का खास ध्यान रखना चाहिए। वास्तुविज्ञान के अनुसार पेड़ पौधों को उचित दिशा में लगाना चाहिए। ऐसा करने से कई तरह के संकटों से मुक्ति मिलती है। क्या आप जानते हैं कि अगर पेड़ पौधों को सही दिशा में न लगाया जाए तो ये आपको शारीरिक, मानसिक और आर्थिक परेशानियों का कारण बन सकते हैं।

उत्तर-पूर्व एवं पूर्व दिशा

वास्तुविज्ञान के अनुसार घर के बगीचे या बालकनी में उत्तर-पूर्व और पूर्व दिशा में छोटे पौधे जैसे तुलसी, गेंदा, आंबला, हरीदूब, पुदीना, लिली, केला, हल्दी आदि लगाएं। उत्तर-पूर्व एवं पूर्व दिशा में छोटे पौधे लगे होने से उगते हुए सूर्य की किरणें घर में आएंगी। जिससे परिवार के सदस्यों की सेहत ठीक रहेगी और आपके सामाजिक रिश्ते मजबूत होंगे।

उत्तर दिशा

वास्तु विज्ञान कहता है कि उत्तर दिशा में नीले रंग के फूल देने वाले पौधे जीवन में समृद्धि लाते हैं। नीला रंग व्यक्ति के जीवन में स्थिरता और पवित्रता का प्रतीक है। आपको करना है कि नीले रंग के गमले में मनीप्लांट लगाएं आपको निश्चित ही तरक्की मिलती है।

दक्षिण और पश्चिम दिशा

वास्तु शास्त्र में ऊंचे पेड़ों को सदैव घर की दक्षिण या पश्चिम दिशा में लगाना उचित माना गया है। पीपल को घर से पर्याप्त दूरी पर या कहीं खुले स्थान में लगाएं। पीपल को पश्चिम दिशा की तरफ लगाना शुभ परिणाम देता है। सफेद रंग के फूलों के पौधे जैसे चांदनी, मोगरा, चमेली को दक्षिण और पश्चिम दिशा में लगाने से लाभ होता है।

उत्तर-पश्चिम दिशा

भगवान शिव को अत्यंत प्रिय बेल का वृक्ष घर की उत्तर-पश्चिम दिशा में लगाना अच्छा माना गया है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के आंगन में बेल का पौधा भी आपको निगेटिव ऊर्जा से बचाएगा। इससे वास्तुदोष दूर होता है और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। घर की उत्तर-पश्चिम दिशा में लगा बेल का पौधा भी घर के हर सदस्य को यशस्वी बनाता है।

दक्षिण-पूर्व दिशा

वास्तु शास्त्र के मुताबिक लाल रंग के फूल जीवन में ऊर्जा और उमंग भरते हैं, दक्षिण-पूर्व या दक्षिण दिशा में लगे हुए लाल फूल हमें प्रसिद्धि व यश दिलाते हैं। दीवार पर चढ़ने वाली बेलें भी इसी दिशा में लगाना शुभ माना गया है। अनार हृदय रोग, संग्रहणी, वमन में लाभकारी और शक्तिवर्धक है। इसे घर से बाहर दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाने से सुख-सौभाग्य बढ़ता है।

रखें इन बातों का ध्यान

वास्तु सिद्धांत के मुताबिक पॉजिटिव एनर्जी हमेशा पूर्व से पश्चिम एवं उत्तर से दक्षिण तथा पूर्वोत्तर (ईशान) से दक्षिण-पश्चिम कोण की ओर बहती है। इसलिए ध्यान रखना चाहिए कि उत्तर और पूर्व में कम घने और छोटे पौधे ही लगाएं। बता दें कि वास्तु विज्ञान में कांटेदार एवं बोनसाई पौधे लगाना शुभ नहीं माना गया है।

मन और आत्मा की एकाग्रता और स्थिरता

जैसे ही मन और आत्मा तीसरे तिल में पूरी तरह एकाग्र और स्थिर होते हैं, वहां हो रही शब्द की सहज ध्वनि अपने आप सुनाई देने लगती है और शब्द का प्रकाश दिखाई देने लगता है। शब्द की ध्वनि को सुनकर आत्मा आंतरिक मंडलों का रुख कायम कर लेती है और शब्द के प्रकाश को देखती हुई आंतरिक रूहानी सफर तय करके वापस शब्द के स्रोत यानी प्रभु में समा जाती है। यही सच्चा सुरत-शब्द योग है।

गुरु नानक साहिब कहते हैं :

ए मन मेरिआ बिनु पउड़ीआ मंदरि किउ चड़ै राम॥
ए मन मेरिआ बिनु बेड़ी पारि न अंबड़ै राम॥
पारि साजनु अपारु प्रीतमु गुर सबद सुरति लंघावए॥
मिलि साधसंगति करहि रलीआ फिरि न पछोतावए॥

(आदि ग्रंथ, पृ. 1113)

आप समझाते हैं कि जैसे महल पर चढ़ने का साधन सीढ़ियां हैं और नदी पार करने का साधन नाव है, उसी तरह सतलोक में बिराजमान सत्तपुरुष के पास पहुंचने का साधन सुरत-शब्द का अभ्यास यानी नाम की कमाई है। पलटू साहिब कहते हैं :

सुरत शब्द के मिलन में मुझको भया अनंद॥
मुझको भया अनंद मिला पानी में पानी।
दोऊ से भा सूत नहीं मिलि कै अलगानी॥

(पलटू साहिब की बाणी, भाग 1, कुंडली 89)

आप समझाते हैं कि सुरत का शब्द में समा जाना, आत्मा रूपी बूंद का परमात्मा रूपी सागर में समा जाना है। यही सच्चे और स्थायी आनंद की प्राप्ति का वास्तविक साधन है। तुलसी साहिब फरमाते हैं 'सुरति-सबद के भेद बिनु, होय न पूरन काम।' (संतबाणी संग्रह, भाग 1, पृ. 211)

जो काटने पर कट ही नहीं सकती

उसे खींचों वह टूट नहीं सकती। उसे काटो वह कट नहीं सकती। सारा जगत विरोधी हो जाए तो भी उसमें संदेह की दरार नहीं पैदा हो सकती है। सुदर्शन सेठ का सारा जगत विरोधी बन गया, पर क्या उनकी श्रद्धा छिन्न हुई? कामदेव श्रावक से देव ने कहा, एक बार कह दो कि महावीर असत्य हैं, उनका धर्म असत्य है, तुम्हारा जीवन बच जाएगा, तुम्हें मैं बड़ा सम्राट बना दूंगा। कामदेव ने कहा, कैसे कह दूं कि महावीर झूठे हैं, कि जिन धर्म झूठा है। एक बार नहीं हजार बार जीवन जाए और पृथ्वी का क्या समस्त ब्रह्माण्ड का साम्राज्य भी तुम दे दो तो भी मैं नहीं कहूंगा कि महावीर झूठे हैं, कि जिन धर्म झूठा है और तुम लाख कहो, और जगत का कण-कण चीख उठे कि महावीर झूठे हैं, तब भी महावीर झूठे नहीं हो सकते हैं। परम-से-परम जो सच हो सकता है वह महावीर हैं, श्रेष्ठतम से श्रेष्ठतम जो सच हो सकता है वह सच महावीर का धर्म है। ...और कहते हैं कि कामदेव की सुदृढ़ता श्रद्धा को देखकर देव-दंभ चूर-चूर बन गया। मैंने कहा, सत्य से स्नात श्रद्धा खो नहीं सकती है, डोल नहीं सकती है। निःसंदेह ऐसे श्रद्धालू को जगत से सम्मान न मिलेगा और सम्मान मिल नहीं सकता है। ऐसे श्रद्धा-पुरुष तो जमाने भर का विरोध झेलते हैं? क्योंकि उनमें प्रगट हुआ सत्य जमाने के सत्य से मेल नहीं खाता है। उनमें खिले श्रद्धा के फूल जमाने के फूलों से मेल नहीं खाते हैं। और ऐसे लोग जमाने द्वारा नकार दिए जाते हैं। ऐसे ही किन्हीं लोगों को जमाना शूली पर चढ़ा देता है, किन्हीं को क्रॉस पर लटका देता है, किन्हीं को विष पिला देता है।

मुनि मणिभद्र

जब आता है मुसीबतों का दौर

परीक्षा तब होती है जब आए कठिनाई, जब आए संकट का दौर, जब हमारे सामने दुर्भाग्य दिखाई देता हो। यदि उस समय भी हमारी वाणी मीठी रहे, चेहरे पर मुस्कान बनी रहे, माथे पर शीतलता बनी रहे, कर्म करने का जोश बना रहे, तब हम अपने को जीवन में सफल समझें। लेकिन ऐसा होता नहीं, होता उलटा है। जब हमारे सामने आती है मुसीबत, तो वाणी हो जाती है कड़वी, चेहरा हो जाता है उदास, माथा हो जाता है गरम, हाथ-पांव हो जाते हैं ठंडे, इसलिए हम असफल हो जाते हैं, फेल हो जाते हैं। हमारा संतुलन बिगड़ जाता है। दुर्घटना के समय जब गाड़ी का स्टेयरिंग का बैलेंस बिगड़ता है, तो उससे पहले उस गाड़ी के ड्राइवर के मन का बैलेंस बिगड़ता है। अगर ड्राइवर का बैलेंस न बिगड़े तो वह स्टेयरिंग के बिगड़े हुए बैलेंस को संभाल लेगा। उसके मन का बैलेंस बिगड़ गया तो अवश्य दुर्घटना घट जाएगी। ऐसे ही जीवन में भी हम तभी चोट खाते हैं, जब हमारे मन का संतुलन बिगड़ने लगता है, इसलिए योग-साधना का पहला ही चरण है अपने आप पर संतुलन रखना। जैसे-जैसे आदमी अपने को संतुलन में रखना सीखता है, वैसे-वैसे जीवन के हर क्षेत्र में सफल होता नजर आता है, इसीलिए यह देश योगियों का, ऋषियों का देश कहलाया, क्योंकि यहां कदम-कदम पर योग की शिक्षा दी गई। यहां जिंदगी से भागना नहीं सिखाया गया, बल्कि जागना सिखाया गया है।

सुधांशु जी महाराज

हिंदू धर्म की रक्षा करने के लिए मनाते हैं रक्षाबन्धन उत्सव : डा. बालमुकुंद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। धर्मो रक्षति रक्षितः, धर्म की रक्षा करने वाले का ही धर्म रक्षा करता है, महाभारत में श्रीकृष्ण ने मनु स्मृति की वर्णित श्लोको का अर्थ समझाते हुए अर्जुन को बताया था। हमारा भगवा ध्वज हिन्दू धर्म का वाहक रहा है और इसी धर्म की रक्षा करने के लिए रक्षाबन्धन उत्सव राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ 98 वर्षो से मनाता आ रहा है यह उदबोधन डा.बालमुकुन्द ने आज श्रीरामलीला लंका मैदान में स्थित सभागार में रक्षाबन्धन उत्सव पर कही। यह कार्यक्रम श्रीरामलीला लंका मैदान स्थित सभागार मे रविवार को सांय आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्यअतिथि डा0 बालमुकुन्द संगठन मंत्री व सच्चिदानन्द जौनपुर विभाग संचालक, जयप्रकाश जिला संचालक, राजेन्द्र नगर संचालक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर गुरू केशवबलिराम हेडगेवार, भारत माता व सदाशिवराव गोलवरकर के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के कुल छः पर्व होते है, पहला वर्ष प्रतिपदा जो

चैत्र मास के प्रारंभ मे नववर्ष के रूप मे मनाया जाता है। दूसरा हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव जो छत्रपति शिवाजी के राज्याभिषेक के रूप मे मनाया जाता है। तीसरा पर्व गुरू पूर्णिमा जो आषाढ मास मे गुरू व्यास जी के जन्मदिन पर मनाया जाता है, चौथा पर्व रक्षाबन्धन जो धर्म की रक्षा के साथ समाज मे समरसता का संदेश देता है, पांचवा पर्व विजय दशमी जो अश्विन मास मे शक्ति का प्रतीक अस्त्र-शस्त्र व मां दुर्गा की आराधना के साथ की जाती है और मकरसंक्रांति समाज मे समरसता का भाव बनाये रखने के लिए सूर्य के मकर राशि मे प्रवेश करने पर मनाया जाता है। इन उत्सवो मे से एक रक्षाबन्धन उत्सव धर्म की रक्षा के लिए रक्षाबन्धन मनाये जाने पर बल दिया। भगवान बावन अवतार में राजा बली, महाभारत में श्रीकृष्ण द्रौपदी के प्रसंग की याद दिलायी, इसके साथ साथ ये रक्षा सूत्र हम अपने गुरू भगवा ध्वज को बाधकर धर्म की रक्षा का संकल्प लेते है। आज के परिवेश में हम समरसता के भाव के साथ समाज में वैमनस्ता समाप्त करने लिए सभी वर्गो मे जाकर एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांध कर उनकी रक्षा करने का संकल्प लेते है। तभी हम ह्लयेन बद्धो बलि राजा, दानवेन्द्रो महाबलः तेन त्वाम् प्रतिबद्धनामि रक्षे माचल माचलः की परिकल्पना को अपने हृदय में उतार पायेगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंचासीन समाजसेवी कुवंर विरेन्द्र सिंह व संचालन नगर कार्यवाह अंजनी तथा प्रार्थना नीतिन ने किया। कार्यक्रम के समापन के समय आये भगनियों ने कार्यक्रम में उपस्थित भाईयो व नागरिक जनो को रक्षा सूत्र बांध कर रक्षाबन्धन उत्सव मनाया। इस अवसर पर जिला प्रचारक दीपक, नगर प्रचारक आर्दश, विभाग से नीरज, अभय, जिला कार्यवाह अमित, जिला शारीरिक प्रमुख हर्ष, जिला प्रचार प्रमुख चंद्र कुमार, हृदयेश, तुलसीदास, शिवकुमार, देवसरन, शिवम, दुर्गेश, विशाल चौरसिया, दीनदयाल, संजय, अनुज, सुधीर जायसवाल, मंत्री बच्चा तिवारी, डा.धमेन्द्र, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, सरोज कुशवाहा, माया सिंह, लालसा भारद्वाज, आरती सिंह, सुधा राय, साधना सिंह, धर्मवीर सिंह, दिनेश चन्द्र पाण्डेय, अखिलेश सिंह, बृजकिशन, रिशु, ज्ञानचंद, सुनील ओझा, कृपाशंकर राय, विशाल चौरसिया, जयप्रकाश सिंह, संजय सिंह, विनोद उपाध्याय, अनिल उपाध्याय, सुधीर प्रधान, अशोक सिंह, व्यासमुनि राय, सुनील सिंह, प्रदीप सिंह, आशुतोष, गिरधर चौरसिया, राजेश यादव, संजय यादव, सुग्रीव बिन्द, ओमप्रकाश बिन्द, तेजनारायन सिंह, मनीष जायसवाल, संजय जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध तरीके से नारकोटिक दवाओ की बिक्री रोकने के लिए लालगंज में किया गया औचक निरीक्षण

प्रखर मिजार्पुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर नकली, अधोमानक, नारकोटिक दवाओं की बिक्री/भंडारण पर रोकथाम के लिए उपजिलाधिकारी भरत कुमार सरोज के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक कुमार सौमित्र ने पुलिस बल के साथ आज 28 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में संचालित प्रतिष्ठान प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र व आस पास के मेडिकल स्टोर मेसर्स ओम मेडिकल स्टोर , मीरा मेडिकल स्टोर की जांच की गई जिसमे संदिग्ध प्रतीत हो रही दो औषधियों का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर औषधि अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी ,उन्होंने दवा दुकानदारों को निर्देशित किया की शासन द्वारा जो संख्या निर्धारित की गई है उतनी मात्रा में नारकोटिक दवाओं का भंडारण करे और डॉक्टर के पर्चे के माध्यम से ही नारकोटिक दवाओं को बेचे ।अगर कोई दवा दुकानदार बिना डॉक्टर के पर्चे के नारकोटिक दवा की बिक्री करते हुए पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी , औषधि निरीक्षक ने थोक दवा दुकानदारों को निर्देशित किया कि केवल लाइसेंस धारक दवा दुकानदारो को ही बिक्रय करे । छापे की खबर से बाजार में गहमा गहमी बनी रही ।

बरनवाल समाज ने मचाया धमाल

प्रखर वाराणसी। बरनवाल सेवा समिति, महिला समिति व नवयुवक संघ वाराणसी द्वारा वन विहार का कार्यक्रम शूलटंकेश्वर मंदिर के पास पॉपुलर हॉस्पिटल, वाराणसी के डायरेक्टर डॉक्टर ए. के. कौशिक के फार्म हाउस पर आदि पुरुष महाराज अहिबरन जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया । इस मंदिर का अपना एक अलग ही मान्यता है, यहीं पर भगवान शिव ने मां गंगा के रौद्र रूप को अपने त्रिशूल से रोका था, मंदिर के ठीक सामने गंगा जी हैं और इसी स्थान से मां गंगा उत्तरवाहिनी होकर काशी में प्रवेश करती हैं । इस अवसर पर सभी बन्धुओं व बच्चों ने सावन के इस पावन महीने में शूलटंकेश्वर महादेव जी का जलाभिषेक और दर्शन किएं और साथ ही मां गंगा की आंचल तले अपने वन विहार के इस कार्यक्रम का आनंद

लिया। इस अत्यंत ही पावन व दर्शनीय स्थल पर हुए कार्यक्रमों में फनी गेम्स, कपल्स गेम, गीत-संगीत, रोचक खेल-कूद और गेम में जीतने वालों को उपहार भी दिया गया। इस अवसर पर संरक्षक प्रेम चंद, डॉक्टर नन्दलाल, शरद, अरुण, अध्यक्ष राजेन्द्र बरनवाल, मंत्री डॉ. विनोद कौशिक, उपाध्यक्ष व प्रादेशिक कोषाध्यक्ष शिवाजी बरनवाल, महिला समिति की संरक्षिका डॉक्टर किरण कौशिक, पुष्पा व अंजू बरनवाल, अध्यक्षा सुषमा कौशिक, प्रदेश महिला समिति की अध्यक्षा नीशिमा बरनवाल, रमेश, मनोज, शीतल, गोपाल ,रवि प्रकाश, डॉक्टर शिव कुमार बरनवाल, डॉक्टर जे.पी. गुप्ता, शिवाकांत आर्य, नीलू, सुषमा, यशोदा, कामिनी बरनवाल सहित अनेकों बंधुजन व बच्चे उपस्थित रहें।

त्रिकुटा सेवा संस्थान (काशी) माधव शिक्षा संस्कार केंद्रो पर पंजीकृत गरीब, वंचित समुदाय के बच्चों में बाटी गई पाठ्य सामाग्री

प्रखर दानगंज वाराणसी। माधव शिक्षा संस्कार केन्द्र ब्लॉक सेवापुरी के ग्राम रसूलहा, वरनीडीह, बारेमा ब्लॉक पिंडरा के ग्राम भोपतपुर, अहरक जनपद वाराणसी में निर्बल व वंचित समुदाय के बच्चों को डेस्किट, स्टील की बॉटल, कॉपी और किताब एवं पेंसिल बॉक्स (पेंसिल, रबड़, कटर सहित) का वितरण किया गया जिसमे मार्गदर्शन के रूप में संस्था के समन्यवक श्रीमान धीरज जी एवं देवेंद्र यादव एवं गांव के माननीय प्रधान जी सहित माननीय पंचायत सदस्य एवम मुख्यअतिथि के रूप में सम्मानित जन एवम बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। साथ में अलग अलग केंद्र से संचालक मंडल श्रीमती पूजा जी, कु 0 प्रीति शर्मा, श्रीमती रेखा जी

श्रीमान विनोद जी, श्रीमती दीक्षा जी, श्रीमती पार्वती जी श्रीमती निशिता विश्वकर्मा सहित श्रीमती चन्दन जी, श्रीमती अनुस्मृती जी एवं अन्य सदस्य गण अपने अपने केंद्र पर वितरण कार्यक्रम में उपस्थिति जन का स्वागत किया। सभी ग्रामवासियों एवं निर्बल एवं वंचित समुदाय के बच्चों के अभिभावक ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे प्रकल्प (चिल्ड्रेन लर्निंग सेंटर) का जानकारी लिया एवं सराहनीय कार्य बताते हुए इस सामाजिक कार्य के लिए संस्था के प्रबंधक/सचिव श्रीमान हृदेश जी एवं कार्यक्रम अधिकारी श्रीमान दृष्टांत द्विवेदी जी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल, डोमरी, पड़ाव, वाराणसी में हरियाली फाउंडेशन ने वृक्षारोपण कर अपना सातवां स्थापना दिवस मनाया

प्रखर रामनगर वाराणसी। डोमरी मे हरियाली फाउंडेशन ने वृक्षारोपण कर अपना सातवां स्थापना दिवस मनाया हरियाली फाउंडेशन की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि वृक्षारोपण अधिक से अधिक कर हरा भरा वातावरण बनाया जाए तथा ऑक्सीजन की कमी को दूर किया जा सके। संस्था अपने इसी उद्देश्य को पिछले 7 वर्ष से लगातार पूर्ण करने की कोशिश कर रही है। इस क्रम में आज अपने स्थापना दिवस के अवसर पर बाल विद्यालय में हरियाली फाउंडेशन के सदस्यों ने वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में हरियाली फाउंडेशन के अध्यक्ष- संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष- आशुतोष मौर्य , सचिव- चंद्रशेखर मौर्य, जितेंद्र, राज, उमेश, किशन, संतोष, सत्यम, सत्य प्रकाश तथा राजेश एवं बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल के उप प्रबंधक मुकुल पांडेय, प्रधानाचार्या श्रीमती नीता त्रिपाठी, प्रो. मोनालिसा सिंह (टूरिज्म डिपार्टमेंट, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय), मोनिका भारती तथा विद्यालय व आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

संयुक्त व्यापार मंडल वरुणापार ने किया पूर्व विधायक अजय राय का सम्मान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संयुक्त व्यापार मंडल वरुणापार के पदाधिकारियों ने 28 अगस्त सोमवार को पूर्व विधायक अजय राय का सम्मान चेतगंज स्थित उनके निजी आवाज पर कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाए जाने के उपलक्ष्य में किया ` अजय राय ने व्यापारियों को भरोसा दिया कि उनकी जो भी समस्या होगी संगठन के माध्यम से विधानसभा एवं लोकसभा में उठायी जाएगी और हर संभव मदद किया जाएगा। इस अवसर पर भोजूबीर व्यापार मंडल के संरक्षक आनंद सोनकर, महामंत्री मुन्ना मौर्या, मीरापुर बसही व्यापार मंडल के प्रधान संरक्षक महेश्वर सिंह ,वाराणसी सरार्फा व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन सेठ, व्यापारी संजय गुप्ता, अजय दिनेश के साथ अन्य व्यापारीगण मौजूद थे।

शिराजे हिंद की गंगा जमुनी तहजीब की पहचान ऐतिहासिक रबीउल अव्वल की कमेटी मरकजी सीरत के सदर बने मुन्ने राजा

प्रखर जौनपुर। शहर की शाही अटाला मस्जिद के परिसर में आज सुबह मरकजी सीरत कमेटी के हाल ही के सदर हफीज शाह की सदारत में मरकजी सीरत कमेटी के नये सदर के चुनाव के लिये एक मीटिंग का आयोजन शहर के तमाम गणमान्य लोगो की मौजूदगी में सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें शहर के सम्मानित लोगों व अंजुमन व अखाड़ा के जिम्मेदारों ने अपनी अपनी राय खुले मंच से रखी। मीटिंग का आगाज कारी जिया इमाम ए शहर शाही शेर मस्जिद ने तिलावत ए कुरआन पाक से किया इसके बाद आपसी राय के बाद सर्वसम्मति से शौकत अली उर्फ मुन्ना राजा को सदर माना गया। शहर के कटघरा निवासी शौकत अली उर्फ मुन्ना राजा ने समस्त लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि जिस तरह से शहर के गणमान्य लोगो ने अपना विश्वास जताते हुए इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, मैं इस ऐतिहासिक जलसा ए सीरत उल नबी स अ व जुलूस ए मदह ए सहाबा रजी अ को कामयाब बनाने का भरपूर कोशिश करूंगा। बैठक का संचालन एडवोकेट नेयाज ताहिर शेखू ने किया अंत में मौलाना आफाक ने शहर ,जिले, सूबा और मुल्क में अमन चैन की दुआ के साथ

मीटिंग संपन्न करवाई ,उपस्थित लोगों ने मुन्ना राजा का माल्यापर्ण उनकी हौसला अफजाई की, इस मीटिंग में मुख्य रूप से सदर रह चुके हाजी अब्दुल अहद मुन्ने, असलम शेर, अरशद कुरैशी, जफर सिद्दीकी, डॉ हसीन बबलू,इरशाद मंसूरी, साजिद अलीम, के अलावा सलीम खान, अलमास सिद्दीकी, अबुजर शैख, मो फारूक, आरिफ हबीब, कमालुद्दीन अंसारी, नूरुद्दीन मंसूरी, शकील मंसूरी, लाल मोहम्मद राईनी, डॉ अर्शी, मेराज अहमद, सद्दाम हुसैन, शोएब पठान, सरताज सिद्दीकी, अकरम जौनपुरी, असीम मछलीशहरी, इकराम, आरिफ खान, ताज शोबी कादरी, रियाजुद्दीन अल्वी, कमाल आजमी, इमरान बंटी, शाहनवाज खान, लकी अली, शम्स तबरेज, शहाबुद्दीन विधार्थी, दिलदार, सद्दाम सिद्दीकी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

दल बदलू नेता के घर दलबदलू नेताओं का लगा जमघट

दलबदलू नेताओं ने अपने ही पार्टी के नेताओं पर लगाया आरोप, दल बदलू के घर दलबदलुओं का लगा जमघट

प्रखर डेस्क। आखिरकार विकास का यह कौन - सा राजनीति है जहाँ एकतरफ नेता अवसरवादी , दलबदलू नेताओं के भ्रष्ट राजनीति तथा भ्रष्ट नेताओं की जीती - जागती तस्वीर पर मुखर हो रहें है। मछलीशहर : बरसठी ब्लॉक के एक स्थानीय गाँव मे एक तथाकथित दलबदलु नेता के घर, दलबदलुओं का जमावड़ा, कुछ दलबदलू जनप्रतिनिधि आये हुए थे, साथ मे विधानसभा का चुनाव लड़ चुके दलबदलू नेता आए थे। कुछ दिन पहले एक नेता सपा से भाजपा में आये एवं एक नेता बसपा से भाजपा में और एक नेता सयुक्त रूप से कांग्रेस, सपा से भाजपा में आए, और ताज्जुब की यह है कि यही लोग दलबदलुओं पर तंज कस रहे है। अपने ही पार्टी में प्रवेश हुए नेताओं का और शीर्ष नेतृत्व का विरोध कर अपनी ही पार्टी को कमजोर कर रहे ये

दलबदलू नेता इस बात से ऐसा प्रतीत होता है। दलबदलुओं की पूरी फौज भाजपा को कमजोर करने में लगी हैं। जनता हित से इनका लेना देना नहीं है, तथाकथित लोग आरोप लगाते है, बता दें जो दलबदल कर आए है वो 4 बार के विधायक, 1 बार के मंत्री और 2 बार ग्राम प्रधान रह चुके हैं, वह अपराजेय जनप्रतिनिधि रह चुका है। संयोग कहिये पार्टी ने उनका टिकट काटा है, राजनीति में इस नेता इतिहास रहा कि वह कभी चुनाव नही हारा है, लेकिन ये जिनके बड़बोलापन/दलबदलू है, वह सब लोग चुनाव हार चुके है, ये सब नेता चुनाव हारे है उनको जनता ने हराया है तब भाजपा के शरण में आए, जब तक जनता हित सेवा का भाव नही आएगा तब तक कोई चुनाव नही जीत सकता है, धनबल के आधार पर और वर्तमान सरकार में ऐसे सैकड़ो जनप्रतिनिधि है, ऐसा लगता है कि अब ये लोग पार्टी को कमजोर करना चाहते हैं, क्योकि इनकी भाषा / मानसिकता बता रही है,क्योकि जो आते है उनका स्वागत किया जाता है, और शीर्ष नेतृत्व जिनका स्वागत मा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी एवं मुख्यमंत्री जी व उपमुख्यमंत्री जी और प्रदेश अध्यक्ष जी ने किया हो , उनको अगर ये दलबदलू नेता लोग कह रहे है, तो ऐसा लगता है कि इन्ही की भूमिका संदिग्ध दिखाई दे रही हैं, पार्टी को खोखला करने की साजिश रच रहे हैं, तो ऐसे लोगों से जो खुद दलबदलू हो कर अपने पार्टी के नेताओं आरोप लगा रहे ऐसे नेताओं से जनता को सावधान रहने की जरूरत अवसरवादी और दलबदलू नेताओं से ।

डालिम्स सनबीम स्कूल में मानसून मेनिया फेस्ट 2023 का हुआ भव्य शुभारम्भ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। डालिम्स सनबीम स्कूल ने मनाया मानसून मेनिया फेस्ट 2023 वाराणसी के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक डालिम्स सनबीम स्कूल ने अपना मानसून मेनिया फेस्ट 2023 मनाया` इस फेस्ट में छात्रों, अभिभावकों और सामान्य जनता को शामिल किया गया जिसमें मजेदार खेल, भोजन के स्थल, दुकानें और स्टेशनरी के स्टॉल हुए मानसून मेनिया फेस्ट 2023 बरसात के मौसम की भावना और सीखने के आनंद का जश्न था इस फेस्ट का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और कौशल प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना था इस फेस्ट में पहुंचने वालों को वाराणसी की सांस्कृतिक विविधता और समृद्धि का मजा लेने का मौका मिला मजेदार खेलों में पानी के गुब्बारे, अंगूठी, तीर फेंकना और अन्य खेलों के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार और प्रमाणपत्र मिले` भोजन के स्थलों पर विभिन्न व्यंजनों से बने स्वादिष्ट नाश्ते और पेय पदार्थ पहुंचने वालों ने समोसा, चाट, पाव भाजी, पिज्जा, आइसक्रीम जैसी मुंह में पानी ला देने वाली चीजें का मजा लिया स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों के फैशन शो के कार्यक्रमों से पहुंचने वालों का मनोरंजन हुआ` डालिम्स सनबीम समूह अध्यक्ष डॉ० प्रदीप बाबा मधोक तथा निदेशिका पूजा मधोक, अतिरिक्त निदेशक माहिर मधोक अतिरिक्त निदेशिका फिजा मधोक ने कहा हमें हमारे मानसून मेनिया फेस्ट 2023 की सफलता से बहुत खुशी हुई यह प्रकृति की सुंदरता और समृद्धि को मनाने का एक शानदार मौका था साथ ही परिवार और मित्रों के साथ मस्ती करने का हम हमारे सभी मेहमानों को उनके सहभागिता और सहयोग के लिए खुशी हुई डालिम्स सनबीम स्कुल की सिगरा प्रधानाचार्या डॉ० तुलिका सक्सेना स्कूल के सभी छात्रों पर गर्व करती थीं जिन्होंने इस फेस्ट को आयोजित करने के लिए कड़ी मेहनत की थी उन्होंने यह भी माना कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों की समग्र व्यक्तित्व और आत्मविश्वास में सुधार करने में मदद करते हैं उन्होंने हमारे कैंपस पर हमारी विश्वस्तरीय सुविधाओं और ढांचे को देखने के लिए मेहमानों की प्रशंसा भी की।

संक्षिप्त खबरें

वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

प्रखर रामपुर मांझा गाजीपुर। थाना रामपुर -मांझा अंतर्गत स्थानीय पुलिस ने वारंटी बनारसी पुत्र गिरधारी निवासी छपरा के घर पर दविश डालकर गिरफ्तार किया गया। न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट एनबीडब्लु के तहत थाना रामपुर मांझा के उप निरीक्षक अजय पांडे पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद संबंधित न्यायालय में भेज दिया।

भगवान शिव की आराधना करते हुए कजरी का सुंदर स्वरूप दर्शक गण के सम्मुख प्रस्तुत किया गया

प्रखर वाराणसी। काशी रस के रूप में काशिकेय संस्कृति के नवीन स्वरूप से जन सामान्य को अवगत कराने एवं भावी पीढ़ी को सशक्त मंच उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर वाराणसी श्री अशोक मुथा जैन जी की परिकल्पना को साकार करने का अद्भुत प्रयास सुबह - ए - बनारस के मंच पर किया जा रहा है काशी रस की पूरी टीम एवं समस्त कलाकारों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन सुबह - ए- बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा जी ने दिया है। श्रावण मास की एकादशी तिथि में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के अनुरूप कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव की आराधना से करते हुए कजरी का सुंदर स्वरूप दर्शक गण के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। गायन पर सुश्री वंदना राय ,तबला पर श्री सुमंत कुमार, हारमोनियम पर श्री राघवेंद्र शर्मा, गिटार पर हेमेंद्र पाण्डे उपस्थित रहे। संचालन सीमा केसरी ने किया। संयोजन पंडित अंशुमन महाराज जी ने किया। श्री श्याम कुमार केसरी एवं भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

भारतीय पथ विक्रेता संघ द्वारा पथ विक्रेताओं के लिए लगाया गया निःशुल्क कैंप

प्रखर वाराणसी। भारतीय पथ विक्रेता संघ के विजय जायसवाल के द्वारा सलारपुर वार्ड नम्बर पांच के कपिलधारा क्षेत्र में पथ विक्रेताओं के लिए निःशुल्क कैंप का आयोजन किया गया इस कैंप में यूनियन बैंक के द्वारा लाभार्थियों का खाता खुलवाया गया तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का प्रथम किश्त 10000 रूपए का आवेदन भी करवाया गया। भारतीय पथ विक्रेता संघ के इस कैंप कार्यक्रम में यूनियन बैंक आफ इंडिया के एल. डी.एम . प्रभात श्रीवास्तव जी,सीएससी से विकास चौरसिया तथा भारतीय पथ विक्रेता संघ से लक्खू सोनकर , गुडडू चौहान, रमेश अग्रहरि, लकी अग्रहरि, प्रमेसर जायसवाल, अशोक गौर, आशीष कुमार गुप्ता उपस्थित था।

जिला जेल में ब्रम्हकुमारी बहनों ने 200 बंदियों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को जिला कारागार गाजीपुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र तुलसी सागर गाजीपुर के तत्वाधान में रक्षाबंधन के पावन पर्व से पूर्व अलौकिक रक्षाबंधन सूत्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था की मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला ने प्रभारी अधीक्षक राकेश कुमार वर्मा व उप कारापाल रविंद्र सिंह यादव जी तथा संस्था की ब्रह्माकुमारी एवं ब्रह्मा कुमार व अन्य की उपस्थिति में कारागार में निरुद्ध लगभग 200 पुरुष एवं महिला बंधियो को रक्षा सूत्र बांधकर फल एवं मिष्ठान वितरण किया गया कारागार के उप कारापाल रविंद्र सिंह यादव व मुख्य संचालीका निर्मला द्वारा संस्था के उपस्थिति गणमान्य लोगों का आभार ज्ञापित कर बंदियो को रक्षा बंधन पर्व के बारे में अपने विचार व्यक्त किया इस अवसर पर प्रभारी अधीक्षक /जेलर राकेश कुमार वर्मा, श्रीमती सुखवती देवी, रविंद्र सिंह शिक्षा अध्यापक, धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अभय कुमार मौर्य व संस्था की संचालीका ब्रह्माकुमारी निर्मला, ब्रह्माकुमारी स्मिता, ब्रह्माकुमारी प्रीति ब्रह्माकुमारी संध्या के साथ संचालक वंश नारायण सिंह, सर्वजीत सिंह कमलेश राय ब्रह्मा कुमार अशोक भाई आदि उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं